दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस/मनोरंजन

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 1 जुलाई 2023, शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 134 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

अपने अध्यक्ष का मान रखें नड्डा जी : सीएम

बिलासपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को सीएम भूपेश बघेल बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो अपने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का मान रखें और बिलासपुर में जो फ्लाइट बंद की गई है उसे फिर से उड़ान योजना के तहत शुरू करें। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए रेगुलर ट्रेन चले इसको सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अपनी पार्टी में कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। पहले अपनी पार्टी ठीक कर लें, फिर बिलासपुर संभाग की सीटों पर कब्जा करने की बात कहना। सीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बाद गृह मंत्री अमित शाह आए। अभी अब राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ रहे हैं और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। भाजपा के सभी दिग्गज आ रहे हैं। वहीं बिलासपुर संभाग की सीटों पर कब्जा करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अपनी पार्टी में कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। कभी धरमलाल कौशिक तो कभी नारायण चंदेल। तो विष्णुदेव साय और अरूण साव आपस में कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। पहले अपनी पार्टी ठीक कर लें फिर विधानसभा की सीटों पर कब्जा करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सबसे बड़ी बात है कि सभी पदाधिकारी व नेताओं को कांग्रेस के इतिहास की जानकारी होना चाहिए। यूपीए सरकार और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की उपब्लधियों की जानकारी भी

■ शेष पृष्ठ 6 पर

नड्डा ने केंद्र की गिनाई उपलब्धियां

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। नड्डा ने रेलवे फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित कर छग की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शराब घोटाला, चावल घोटाला सहित प्रदेश के कई अहम मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार की जमकर खिंचाई की। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर केंद्र की उपलब्धियां भी गिनाई। छत्तीसगढ़ से 10 हजार टन चावल गायब हो गया। शराब घोाटाला हुआ। हर ठेके पर नकली शराब मिल रही। उसका कोई लेखा जोखा नहीं। इन्होंने गौ माता को भी नहीं छोड़ा। इन्होंने गायों को नहीं छोड़ा तो किसको छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी कार्यकाल में भारत का विकास दर 8.7 प्रतिशत पर पहुंचा। अटल आवास के जरिए मोदी सरकार में 4 करोड़ मकान बनाए गए। छत्तीसगढ़ में साढ़े 24 लाख महिलाओं के लिए शौचालय बनाया। आयुष्मान योजना के तहत लोगों को 5 लाख का हेल्थ कवर दिया। छत्तीसगढ़ में साढ़े 36 लाख परिवार को हेल्थ कवर मिला है। वहीं देश भर में 9 करोड़ 10 लाख लोगों को नल कनेक्शन दिया, छत्तीसगढ़ में 22 लाख लोगों को नल कनेक्शन मिला है। छग के 27 लाख लोगों को किसान सम्मान योजना से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम पर 10 लाख करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ में खर्च किया जा रहा है। पूरे देश में 54 हजार

■ शेष पृष्ठ 6 पर

जुमलेबाजी नहीं करती कांग्रेस : सेलजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा शुक्रवार को बिलासपुर में बूथ चलो अभियान में शामिल होने पहुंची। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी जुमलेबाजी और झूठ की राजनीति नहीं करती, जो कहती है वह करती है। छत्तीसगढ़ में भी राहुल गांधी ने जो भी वादा किया था, उससे ज्यादा काम किया है। इसलिए कांग्रेस पर जनता को भरोसा है। उन्होंने कहा, टिकट वितरण का काम मेरा नहीं है। टिकट की दावेदारी सभी कर सकते हैं। लेकिन, कई मापदंडों के आधार हाईकमान टिकट वितरण करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सम्मेलन किया, जिसमें सभी संभाग में अलग-अलग कार्यक्रम किया गया और सभी बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी गई। इसमें भी शीर्ष नेताओं ने जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। अब सभी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बूथ चलो अभियान शुरू किया है। इसमें बूथ लेवल पर बनी टीम के कार्यों का जायजा लेकर समीक्षा की जा रही है। इसमें राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी बूथ पर पहुंच रहे हैं। इस तरह हर संभव कोशिश कर रही है कि कांग्रेस जिस तरह से जमीनी स्तर पर काम करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार चुनाव नजदीक आ रहा है तो हम अपनी मशीनरी को ऑयलिंग कर रहे हैं। वहीं

■ शेष पृष्ठ 6 पर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज कांकेर में

कांकेर/नवप्रदेश। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज को रायपुर आ रहे हैं। एयरपोर्ट पर कुछ देर रुकने के बाद वो सीधे कांकेर के लिए रवाना होंगे। नक्सल प्रभावित जिले में सियासी सभा करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक राजनाथ सिंह शनिवार दोपहर दिल्ली से निकलकर विशेष विमान से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर करीब 1 बजे के आसपास वो रायपुर पहुंचेंगे। यहां से बीएसएफ के हेलिकॉप्टर कांकेर जाएंगे। कांकेर में नगर सैनिक ग्राउंड में रक्षा मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जा सकता है। इसके बाद वह कांकेर के सर्किट हाउस में कुछ देर बिताने के बाद दोपहर 2:30 से 3 बजे के आसपास मेला भाटा ग्राउंड में आम सभा को संबोधित करेंगे। शाम 4:30 से 5 बजे के आसपास रायपुर लौटकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बता दें कि 15 सालों तक सरकार की सिंहासन में रहने के बाद भाजपा के पास अभी महज 13 विधायक हैं। बस्तर संभाग समेत पूरे सूबे में बुरी तरह से हार देख चुकी बीजेपी दमदार वापसी की कोशिशों के लिए पूरी ताकत झोंक रही। यही वजह है कि बस्तर संभाग पर भाजपा का फोकस है। लगातार बड़े नेताओं का बस्तर दौरा जारी है। बीजेपी ने बस्तर संभाग की दो लोकसभा सीट और 12 विधानसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया है। संगठन के बड़े नेताओं ने कई दिन बस्तर में बिताए अब राजनाथ की सभा भी यहां हो रही है। राजनाथ इस सभा में केंद्र सरकार की

■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

फिल्म सेंसर बोर्ड की कला वाकई निराली है। हाथी तो पार कर दिया लेकिन उसकी पूंछ अटका दी। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त बहुचर्चित हिन्दी फीचर फिल्म 72 हूरों को तो उसने प्रदर्शन का प्रमाण पत्र दे दिया लेकिन उसके ट्रेलर पर प्रतिबंध लगा दिया। जो फिल्म का ही हिस्सा है। फिल्म आदिपुरूष को लेकर कोर्ट की फटकार लगाने के बाद भी फिल्म सेंसर बोर्ड पर बोझ बनकर बैठे लोगों की अक्ल ठिकाने नहीं लगी है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर बालीवुड को मनमानी करने की छूट देने वाले सेंसर बोर्ड का कायाकल्प करना निहायत जरूरी है।

मेट्रो से डीयू पहुंचे पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब छात्र किसी संस्थान में एडमिशन से पहले प्लेसमेंट को प्राथमिकता देते थे। एडमिशन का मतलब डिग्री और डिग्री का मतलब नौकरी होता था। शिक्षा यहीं तक सीमित थी। उन्होंने कहा, 'आज युवा जिंदगी को इसमें बांधना नहीं चाहता है। वह कुछ नया करना चाहता है। अपनी लकीर खुद खींचना चाहता है। 2014 से पहले भारत में सिर्फ कुछ सौ स्टार्टअप थे। आज इनकी संख्या एक लाख को पार कर गई है। कुछ दिन

■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल से मिले राहुल, सीएम ने इस्तीफा इंकारा

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच शुक्रवार सुबह से इस बात की चर्चा रही कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुर्सी छोड़ने वाले हैं। वे दोपहर 3 बजे राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपने वाले हैं। हालांकि, अटकलों के बीच सैकड़ों महिलाएं इंफाल में राजभवन के सामने पहुंचीं। महिलाओं ने मांग की कि बीरेन सिंह इस्तीफा ना दें, बल्कि हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लें। शाम 4 बजकर 1 मिनट पर एन बीरेन सिंह ने एक ट्वीट किया और लिखा- इस मोड़ पर तो मैं इस्तीफा नहीं देने वाला हूं। यानी बीरेन सिंह ने साफ कर दिया कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं छोड़ रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक वरिष्ठ मंत्री ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह आज इस्तीफा देने वाले थे, लेकिन जनता के दबाव में उन्होंने अपना मन बदल लिया। बीरेन सिंह गवर्नर हाउस

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मणिपुर को शांति की जरुरत

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में राहत शिविरों का दौरा किया और इसके बाद राज्यपाल से भी मुलाकात की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि मणिपुर को शांति की जरूरत है। मैं राहत शिविर में गया और हर समुदाय के लोगों से मिला। राहत शिविरों में दवाई, खाने की कमी है जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

अडानी घोटाले का सच जेपीसी जांच से आएगा सामने : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडानी की घनिष्ठता के कारण अडानी महा घोटाला हुआ है और इसमे कोई भी जांच असरदार नहीं होगी इसलिए सिर्फ संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच से ही इसकी असलियत सामने लाई जा सकती है। कांग्रेस संचार विभाग के

प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी पहले से ही मानती है कि उच्चतम न्यायालय की विशेषज्ञ समिति और सेबी की जांच का दायरा सीमित है और सिर्फ जेपीसी ही अडानी ग्रुप के साथ प्रधानमंत्री मोदी के घनिष्ठ संबंधों की जांच कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस जांच से यह भी पता लगा सकता है कि श्री मोदी ने अपने करीबी दोस्तों की मदद के लिए कानूनों, नियमों और विनियमों को बदलकर देश तथा विदेशों में अडानी समूह के व्यवसाय को व्यक्तिगत रूप से कैसे सुविधाजनक बनाया है। उनका कहना था कि यह महा घोटाला है और इसके सभी पहलुओं को सिर्फ जेपीसी जांच के माध्यम से ही सामने लाया जा सकता है। प्रवक्ता ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अडानी महा घोटाले पर सेबी के दृष्टिकोण के संबंध में सॉफ्ट लेकिन दोषी ठहराने जैसी भाषा का इस्तेमाल किया है।

ट्विटर पर 50 लाख का जुर्माना

बेंगलुरु (एजेंसी)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को कर्नाटक हाईकोर्ट से झटका लगा है। ट्विटर ने कुछ सोशल मीडिया खातों और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के केंद्र के आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने ने केवल माइक्रोब्लॉगिंग साइट की याचिका खारिज की बल्कि कंपनी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पिछले साल, ट्विटर ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा उसे जारी किए गए आदेशों को चुनौती दी थी। पिछले साल, ट्विटर ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा उसे जारी किए गए आदेशों को चुनौती दी थी.केंद्र ने ट्विटर को फरवरी 2021 और फरवरी 2022 के बीच कई सोशल मीडिया अकाउंट और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के लिए कहा था। इनमें से ट्विटर ने 39 ब्लॉकिंग आदेशों को चुनौती दी थी। 2022 में, ट्विटर ने नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत अपने प्लेटफॉर्म से सामग्री को हटाने के केंद्र के आदेश को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

यूसीसी पर 3 को कमेटी की बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉ एंड ऑर्डर मामलों की पार्लियामेंट्री कमेटी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर 3 जुलाई को एक बैठक बुलाई है। इस मीटिंग में यूसीसी पर ड्रॉफ्ट तैयार कर रहे लॉ कमीशन को भी बुलाया गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। मीटिंग में 31 सांसद और कमेटी के सभी मेंबर्स शामिल होंगे। सभी से यूसीसी पर उनकी राय मांगी जाएगी और उन पर विचार किया जाएगा। पीएम मोदी ने 27 जून को भोपाल में भाजपा के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द लागू करने की वकालत की थी। पीएम ने कहा- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लोगों को भड़काया जा रहा है। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। बीजेपी यह भ्रम दूर करेगी। देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के पीएम के बयान का आम आदमी पार्टी और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने समर्थन किया है। हालांकि उद्धव ने सरकार के स्पष्टीकरण की शर्त रखी है। शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने न तो यूसीसी का समर्थन किया है और न ही सपोर्ट किया है यानी वो न्यूट्रल है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि सरकार को यूसीसी लागू करने के नतीजों पर बार-बार विचार कर लेना चाहिए।

अध्यादेश के खिलाफ सुको पहुंची 'आप'

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर केंद्र सरकार के अध्यादेश को आम आदमी पार्टी के संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 19 मई को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश में उसने सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को मिला था। अध्यादेश के मुताबिक, दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का आखिरी फैसला उपराज्यपाल यानी एलजी का होगा। इसमें मुख्यमंत्री का कोई अधिकार नहीं होगा। संसद में अब 6 महीने के

अंदर इससे जुड़ा कानून भी बनाया जाएगा। केंद्र की ओर से अध्यादेश जारी करने के बाद आप नेताओं ने एलजी ऑफिस जाकर उनसे मिलने के लिए हंगामा किया था। अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने से एक दिन पहले गुरुवार को आप ने अध्यादेश की कॉपियां जलाकर विरोध अभियान शुरू करने का ऐलान किया था। आप के मुताबिक केजरीवाल 3 जुलाई को दिल्ली में पार्टी ऑफिस के बाहर अध्यादेश की प्रतियां जलाकर अभियान शुरू करेंगे। इस दौरान पार्टी के विधायक और मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को देश की सभी विधानसभाओं में अध्यादेश की कॉपी जलाकर विरोध किया जाएगा।

फार्मा फैक्ट्री में आग, 5 की मौत

अनाकापल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में शुक्रवार को एक दवा की फैक्ट्री में आग लग गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा कर्मचारी घायल हो गए। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, आग अच्युतापुरम इंडस्ट्रियल स्पेशल इकोनॉमिक जोन में स्थित सहिथी फार्मा में लगी। अनकापल्ली के एसपी मुरली कृष्णा ने मीडिया को बताया कि अच्युतापुरम इंडस्ट्रियल स्पेशल इकोनॉमिक जोन में स्थित सहिथी फार्मा में एक रिएक्टर में ब्लास्ट के कारण लगी। कंपनी के 6 कर्मचारी घायल हुए हैं, जिनमें 2 की हालत गंभीर हैं। करीब 15 कर्मचारियों को फायर की टीम ने बाहर निकाल लिया है।



संपादकीय

यूसीसी पर आप का भाजपा को समर्थन

समान नागरिकता संहिता पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर के सब को चौका दिया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हर बात में केन्द्र सरकार का विरोध करते रहे है लेकिन इस बार उन्होंने अपनी इस विरोध वाली नीति से अलग हटकर यूसीसी पर सरकार के साथ खड़े होने की घोषणा कर दी है। इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है। यह कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल को अब अपनी गिरफ्तारी का डर सताने लगा है। इसलिए उन्होंने समान नागरिक संहिता पर सरकार का साथ देने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के दो पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है। आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ भी जांच चल रही है और इस जांच की आंच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंच गई है। उनसे सीबीआई ने पूछताछ भी की है। इस बीच मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के रेनोवेशन के नाम पर करोड़ रुपए के घोटाले का भी आरोप लगा है और इस बारे में कैग की रिपोर्ट भी सामने आ गई है। जिसे नई दिल्ली विधानसभा के पटल पर पेश किया जाएगा। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की और ज्यादा किरकिरी होगी। संभवतः यही वजह है कि अब उन्होंने केन्द्र सरकार से टकराव मोल लेना उचित नहीं समझा है। समान नागरिक संहिता पर अरविंद केजरीवाल के रूख को देखकर यह भी चर्चा सरगर्म है कि वे कांग्रेस से बदला चुका रहे है जिसने अभी तक राज्यपाल के अध्ययादेश को लेकर उनका साथ देने की घोषणा नहीं की है। पटना में आयोजित विपक्षी पार्टियों की बैठक में अरविंद केजरीवाल दलबल सहित पहुंचे थे और उन्होंने उस बैठक में उक्त अध्यायादेश को मुख्य मुद्दा बनाने की कोशिश की थी लेकिन कांग्रेस ने इस मामले में उपेक्षित रवैय्या अपना और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ने तो दो टुक शब्दों में कह दिया कि यह मंच उक्त अध्यादेश पर विचार करने के लिए नहीं है। इसमें तो सिर्फ विपक्षी एकता की योजना पर विचार विर्मश होगा। अध्यादेश के मामले में संसद के आगामी सत्र के पूर्व होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में चर्चा की जाएगी। राहुल गांधी तो इस मामले में खामोशी अख्तीयार किए रहे। नतीजतन अरविंद केजरीवाल अपनी नाराजगी दिखाते हुए विपक्षी पार्टियों की संयुक्त प्रेंस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर वापस दिल्ली लौट आए। इसके बाद से आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया है और कांग्रेस पर भाजपा के साथ मिली भगत का आरोप भी लगाने लगे है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चल रही इस जुबानी जंग को देखते हुए यही कयास लगाए जा रहे है कि आम आदमी पार्टी ने समान नागरिक सहिंता पर सरकार का समर्थन कर एक तीर से दो निशाने साधे है। एक ओर तो वह केन्द्र सरकार से पंगा मोल लेने से बचने की कोशिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस से भी हिसाब बराबर कर रही हैं। बहरहाल आम आदमी पार्टी के इस रूख को देखकर विपक्षी पार्टियां भी समान नागरिक संहिता को लेकर पशोपेश में पड़ गई है। उनके लिए भी यह गले की हड्डी बन गया है जो न तो निगलते बन रहा है और ना उगलते बन रहा है। राकांपा सुप्रीमों शरद पवार जेडीयू के नेता सहित अन्य विपक्षी नेता इस मामले में संभल कर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

विचार

सोने की तस्करी को पछाड़ा रेत तस्करों

ये फिल्मी स्टोरी नहीं ये हकीकत की दास्ता छत्तीसगढ़ की है। जहां रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि सोने की तस्करी को भी पछाड़ दिया है। हालांकि रेत की कीमत सोने से महंगा नहीं, पर रेत तस्करों ने इसे सोने से भी कीमती बना दिया है। इन तस्करों का गिरोह इतना बड़ा नेटवर्क है कि वो छत्तीसगढ़ की रेत को न्यूयार्क-इंग्लैंड भेज सकते है। बस कस्टमर और पैसा मिलना चाहिए। नदी का अस्तित्व भले ही खत्म हो जाए ये अपने अस्तित्व बचाने के लिए किसी का भी अस्तित्व खतरे में डालने से भी गुरेज नहीं करते। मजेदार बात यह है कि अब तो सरकारी ठेकेदार भी कोरिया जिले में रेत परिवहन के व्यवसाय में लगे लोगों को व्यवसाय को चौपट करने के साथ उपभोक्ताओं हितों में डकैती डाल रहे है। राज्य सरकार द्वारा कोरिया जिले की कुछ नदियां रेत निकालने के लिए ठेके पर दे दी हैं, जिसके बाद से रेत परिवहनकर्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। इसे लेकर कुछ दिनों पहले रेत परिवहनकर्ताओं ने कलेक्टर से मिल कर उन्हें अपनी परेशानी से अवगत कराया था, लेकिन इसके बाद भी अब तक परेशानी दूर नहीं हुई। नदियों से रेत निकालने के लिए नीलामी प्रक्रिया होने के बाद ठेकेदारों द्वारा मनमानी वसूली की जाने लगी। सरकारी ठेका होने के बाद मनमानी का आलम यह है कि रेत के लिए कई गुना अधिक राशि देनी पड़ रही है। जिसका भार सीधे उपभोक्ताओं की जेब पर तो भारी पड़ ही रहे है, इसके साथ-साथ रेत व्यवसायी भी अनेक तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कोरिया जिले में जब से रेत सरकारी ठेके में हो गया, तब से रेत माफिया की तरह व्यवहार रेत परिवहनकर्ताओं से कर रहे है। परिवहनकर्ता कई दिनों से मनमाना रेत वसूली को लेकर परेशान चल रहे हैं।

ठेकेदार अपनी निजी गाड़ी में खनिज अधिकारी को बैठाकर घुमा रहे हैं और ट्रेक्टरों के साथ-साथ अन्य वाहनों पर कार्रवाई करा रहे हैं, जिससे ट्रैक्टर मालिक परेशान हैं। कई लोगों की गाड़ी किश्त पर है, उनको सबसे ज्यादा आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग के अधिकारी ठेकेदारों की मनमानी पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिले की कुछ नदियों से रेत निकालने के लिए ठेका दिए जाने के बाद अब रेत के लिए तीन गुना से ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ रही है। पहले जहां 14 सौ रूपये में एक ट्रैक्टर रेत मिल जाती थी। वहीं रेत की नीलामी होने के बाद अब उसके लिए 5 हजार रूपये प्रति ट्रैक्टर की दर से राशि खर्च करनी पड़ रही है। निर्धारित रायल्टी होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा मनमानी रकम वसूल की जा रही है, जो रसीद भी दर्ज नहीं की जा रही है। जिले में ठेकेदारों द्वारा रेत के लिए निर्धारित सरकारी दर से ज्यादा वसूली करने का असर सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं पड़ रहा है, रेत परिवहनकर्ता प्रशासन तक अपनी समस्या बता चुके हैं। इसके बावजूद अब तक प्रशासन कार्रवाई करने की दिशा में मौन साधे हुए है।

आज का पंचांग (शनिवार, 01, जुलाई)

बृह 9	11	10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 9
15			8
14 मंगल	राहु	4	13-15 चन्द्र-केतु 6
3			5

सूर्योदयः 05:38, सूर्यास्तः 07:20
चन्द्रोदयः 09:35, चन्द्रास्तः 23:12
अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)
ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : आषाढ, पक्ष :शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्रः अनुराधा, योग : वज्र (28:32 से सिद्धि), प्रथम करण : बव (06:40 तक), द्वितीय करण : बालव (19:53 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य : मिथुन, चंद्र : सिंह
मंगल :कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:51 से 12:47
अमृत काल 28:36 से 06:25
विजय मुहूर्त 14:40 से 15:36
गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40
सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:21
निशिता मुहूर्त 23:59 से 24:39
राहुकाल 09:00 से 10:30
राहुवास दक्षिण-पूर्व
यमगण्ड 15:50 से 17:36
होमाहुति बुध
दिशाशूल पश्चिम
अग्निवास पृथ्वी (19:53 तक)
चन्द्र वास पूर्व
शिववास कैलाश पर (19:53 से नन्दी पर)

राष्ट्रीयता के पर्याय पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी

नर्मदा प्रसाद मिश्र "नरम"

त्रिवेदी जी कि राष्ट्रीय रचनाओं को दो भागों में हम विभाजित कर सकते हैं। सन् 1947 के पूर्व की रचनाएं और 1947 अर्थात आजादी के बाद की चिंतन-परक रचनाएँ -जो त्रिवेदी के सकारात्मक चिंतन का परिणाम हैं। प्रोफे. कान्तिकुमार ने त्रिवेदी जी के सामाजिक और आर्थिक स्तर पर स्वायत्त बनने के स्वप्न को क्षत-विक्षत देखकर उनकी पीड़ा और संत्रास को व्यक्त करते हुए लिखा है कि - "1947 के बाद लिखी गई कविताओं में शिकायत का स्वर भी है। यह शिकायत किसी दूसरे से नहीं अपने आप से है। ये कविताएं एक तरह से आत्ममंथन की कविताएं हैं। निराषा या हताशा इन कविताओं का मूल स्वर नहीं है, बल्कि सावधान बने रहने और प्रमादग्रस्त न हो जाने का संदेश ही इनमें प्रमुख है।"

हिन्दी साहित्य उपवन के सुरभित सुमन, निर्भीक पत्रकार, सारस्वत-साधक, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, गांधीवादी विचारधारा के पोषक, स्वनामधन्य पण्डित स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का रचना फलक बहुत व्यापक है। इनका साहित्य, राष्ट्रीय जीवन की बहुआयामी भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। त्रिवेदी जी ने, कविता, गद्यगीत, नाटक, निबंध, कहानी, रिपोर्ताज आदि समस्त विधाओं में, समूची ईमानदारी के साथ लेखनी चलाकर मां भारती के भवन को भरने का स्तुत्य प्रयास किया है। इनकी दृढ़ इच्छा-शक्ति एवं स्पष्टवादिता सभी विधाओं में दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय आंदोलन में जुड़े रहने के कारण, इनकी रचनाओं में राष्ट्रवाद पूरी तरह से छाया हुआ है। त्रिवेदी जी ने काव्य-जगत में छायावाद (राष्ट्रीय भावना), प्रगतिवाद एवं प्रयोगवाद के दर्शन होते हैं।

राष्ट्रीय संदर्भ में त्रिवेदी जी की भूमिका बहुत ही सकारात्मक रही है। इनकी रचनाएँ जीवन के व्यापक सवालों से टकराती हैं। साथ ही,ये रचनाएं राष्ट्रीय जीवन की बहुआयामी भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं। "किसको कितना याद करुँ" ग्रंथ में डॉ. देवी प्रसाद वर्मा "बच्चू जाँजगीरी" ने त्रिवेदी जी के जीवन और साहित्य में राष्ट्रीय भावना के मूल को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि "त्रिवेदी जी जिन संस्कारों में पले-बढ़े वह पूरी तरह राष्ट्रीय भावना में डूबा हुआ परिवार था। जो पूरे मुहल्ले ही नहीं, नगर को इस दिशा में प्रेरित करता था। फिर उन संस्कारों को लेकर चलने वाला कवि राष्ट्रीयता की कसौटी में कैसे खरा न उतरे।" भारत छोड़ो आंदोलन के समय गांधी जी के आह्वान पर समूचा देश उद्वेलित हो गया। त्रिवेदी जी भला कब मानने वाले थे। उन्होंने सन् 1942 में सहभागी न होने वाले लोगों को ललकारते हुए कहते हैं -

"यदि माता का आह्वान सुन
आया न जोश का भी उबाल
युवकों की भरी जवानी में
कुछ करो नहीं तो डूब मरो
तुम बस चुल्लू भर पानी में "

डॉ. प्रेम शंकर ने श्री त्रिवेदी की रचनाधर्मिता पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि " पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी" ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया और उनकी चेतना पर गांधीवाद का गहरा प्रभाव है। यद्यपि उसका उपयोग उन्होंने सियाराम शरण गुप्त आदि की तरह रचना की कई दिशाओं में नहीं किया। राजनीति में गांधी युग के समानान्तर साहित्य में छायावाद के लिए अपने समय के प्रभावों की स्वीकृति एक विवषता है। पर उसकी सजग चेतना परिवेश के प्रति अपना असंतोष भी व्यक्त करती है।" त्रिवेदी जी की कविताओं में छायावादी स्वर अवश्य ही पाठकों को सुनाई देता है किन्तु प्रगतिवादी तेवर के साथ राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत रचनाएं छायावाद और राष्ट्रवाद की कड़ी के रूप में हमारे सामने आती हैं। इनमें भाव-सत्य के साथ युगसत्य भी देखने को मिलता है।

त्रिवेदी जी कि राष्ट्रीय रचनाओं को दो भागों में हम विभाजित कर सकते हैं। सन् 1947 के पूर्व की रचनाएं और 1947 अर्थात आजादी के बाद की चिंतन-परक रचनाएँ -जो त्रिवेदी के सकारात्मक चिंतन का परिणाम हैं। प्रोफे. कान्तिकुमार ने त्रिवेदी जी के सामाजिक और आर्थिक स्तर पर स्वायत्त बनने के स्वप्न को क्षत-विक्षत देखकर उनकी पीड़ा और संत्रास को व्यक्त करते हुए लिखा है कि -"1947 के बाद लिखी गई कविताओं में शिकायत का स्वर भी है। यह शिकायत किसी दूसरे से नहीं अपने आप से है। ये कविताएं एक तरह से आत्ममंथन की कविताएं हैं। निराषा या हताशा इन कविताओं का मूल स्वर नहीं है, बल्कि सावधान बने रहने और प्रमादग्रस्त न हो जाने का संदेश ही इनमें प्रमुख है।"

सांस्कृतिक नव जागरण के कवि त्रिवेदी जी राष्ट्रीय-विचारधाराओं से पूरी तरह आप्लावित रहे हैं-जीवन शैली में भी और अपनी रचना धर्मिता में भी। "स्वराज्यगान" इस संदर्भ में उनका सुप्रसिद्ध काव्य-संकलन है जिनमें राष्ट्रीय विचारधाराओं से ओत-प्रोत रचनाएं संकलित है। आजादी के बाद की रचनाओं में त्रिवेदी जी की अन्तर्व्यथा उभर कर कविताओं में दृष्टव्य है। दीन-हीन मानव का चित्रांकन बहुत सटीक बन पड़ा है-

"दीन मानव-हीन मानव और शोषण दीप का चिर शलभ सा यह क्षीण मानव, रक्त से निःशेष मानव, और अपनों से त्रसित हो, दीनता का वेश मानव, आज अपनी शक्ति खोकर, हो रहा गमगीन मानव"

राष्ट्रीय, ओजस्वी रचनाओं एवं शोषित, पीड़ित मानव के चित्रांकन को देखकर ही सम्भवतः डॉ. विनय कुमार पाठक ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि-'त्रिवेदी जी की कविताओं में "वाद" देखना और उनके साहित्य को प्रवृत्ति विशेष के निष्कर्ष पर निरखना उनके साहित्य का एकांगी आंकलन कहा जायेगा। वस्तुतः उनकी रचनाएं युगाग्रह एवं परिस्थिति जन्य संवेदना की सहजानुभूतियाँ हैं। यही कारण है कि वे वाद रहित होते हुए भी उससे असंपृक्त नहीं हैं। छायावादी शिल्प से उनकी काव्य-यात्रा का प्रारंभ होता है, लेकिन राष्ट्रीयता उनके काव्य का गन्तव्य है। " वास्तव में इनकी रचनाओं का मूल तत्व देशानुराग मानव प्रेम, विश्वबन्धुत्व की भावना, सौहार्द्र एवं कर्तव्य भाव है। त्रिवेदी जी की कविताओं में निहित राष्ट्रीयता का भाव देश में व्याप्त राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना को जागृत रखने की प्रेरणा है। "जब बजा शंख सन् 1942 में","बलिदान न कोई रोक सका", "बलिपथ के पंथी","हिम्मत कभी न हारो", "मुक्ति पर्व", "मातृभूमि तेरी खातिर", "आजाद करो आजाद करो" आदि अनेकानेक रचनाएं राष्ट्रीय-भावनाओं से ओतप्रोत हैं।

इन समस्त रचनाओं में राष्ट्रीयता के साथ-साथ मानवतावादी स्वर का ही प्राधान्य है। त्रिवेदी पूर्णतः भारतीय संस्कृति के पोषक रहे हैं। "वे गांधी जी से इतने अधिक प्रभावित थे कि उनके समूचे साहित्य में गांधी जीवन-दर्शन समाहित है। गांधी जी की हत्या पर कवि का हृदय विदीर्ण हो जाता है। उस समय के हृदयोद्गार दृष्टव्य हैं -

"चली एक गोली संस्कृति के पन्ने हो उठे काले, लगा कलंक कि इस गोली ने, सब आदर्श मिटा डाले, चली दूसरी और धर्म के उज्वल मुख पर थी स्याही, कौन कहेगा आर्य-धर्म के सत-पथ का था वह राही, और तीसरी, नहीं ठहर जा! अब कि तीसरा वार न कर, माँ की छाती छिद जायेगी, ऐसा अत्याचार न कर, एक वार से घायल हुए कि रोई थी माता, और दूसरी से आहत हो गया, राष्ट्र का निर्माता, ये जो फायर हुआ कि उसका सारा देश निशाना था, बापू को क्या हिन्द देश को, मानो उसे मिटाना था।"

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी मेरी रही आरंभ से ही गर्द में

जिंदगी मेरी रही आरंभ से ही गर्द में। महफिलों में भी रहा मैं सदा ही फर्द में। और मैं तुझसे कहूँ क्या आपबीती हमनवा-देखकर के दर्द मेरा दर्द भी है दर्द में।

अमित शिवकुमार दुबे

आंख से बह रही है नदी आज भी ओंस

आँख से बह रही है नदी आज भी ओंस में जल रही है कली आज भी याद जाती नहीं अब दिले यार की गिन रहे हैं सितारे तभी आज भी छिप गयी हैं किरण दीप भी बुझ गया। नाग सी डस रही तीरगी आज भी फिर कहाँ मैं बनाता मकाँ इक नया ख्वाब को रात मिलती नही आज भी मत कहीं जा सनम यूँ मुझे छोड़कर जल रही है यहाँ लौ वही आज भी।

रामकिशोर उपाध्याय

खास पाती | अगर ऐलान तुम खुद कर न

अगर ऐलान तुम खुद कर न जाते अपनी चाहत का तुम्हारे बाद ये दुनिया मुझे जीने नहीं देती। बड़े हक़ से जताया हक़ तुम्हारे नाम पर मैंने किसी की हैसियत कब थी, मुझे रोके मुझे टोके तुम्हारी याद में हर दिन गुज़र जाता है जाने कब कभी हँस के गुज़रता है, गुज़र होती कभी रो के अगर तोहफा न देते तुम सरे महफ़िल मुहब्बत का तुम्हारे बाद ये दुनिया मुझे जीने नहीं देती। कभी तुम चाँद लगते थे, सितारा बन गये हो अब हुआ करते थे रोशन तब, चमकते आज भी हो तुम दमकती सी निगाहों में बसा करते थे तुम कल भी बरसती इन निगाहों में झलकते आज भी हो तुम अगर आँखें तुम्हारी, खोलती ना राज उल्फ़त का तुम्हारे बाद ये दुनिया मुझे जीने नहीं देती। तुम्हीं चाहत तुम्हीं सपना तुम्हीं इस दिल की धड़कन हो तुम्हीं से है मेरी मंज़िल, तुम्हीं हो रास्ता मेरा मुझे ग़ैरों से क्या लेना, मुझे दुनिया से क्या मतलब फ़क़त तुमसे ही साँसे हैं, तुम्हीं से राब्ता मेरा खुलासा कर न जाते तुम अगर अपनी वसीयत का तुम्हारे बाद ये दुनिया मुझे जीने नहीं देती। **ममता लड़ीवाल**

मुझे तू नज़र ही आया, मैंने जब

मुझे तू नज़र ही आया, मैंने जब भी देखा दरपन। लगा आँखों से बरसने, मेरा दर्द बनके सावन। मेरा चैन जिसने लूटा, थी वो शाम इक सुहानी, तेरी बूटे दार अचकन, तेरी भोली-भाली चितवन। तेरी बेरुख़ी भी पाकर, मैंने सिर्फ़तुझको चाहा, तू समझ कभी न पाया, तू है मेरे दिल की धड़कन। न था बेवफा सनम तू, गया क्यों नज़र झुकाके, मैं तो समझूँ दिल न समझे, यूँ ही बढ़ती जाती उलझन। किसे कैसे मैं बताऊँ, मेरी क्या मनोदशा है, कभी ज़ख़्म को कुरेदूँ, कभी करने लगती तुरपन। किसी मोड़ पे अचानक, कभी मिल भी जाएं हम-तुम, तुम्हें याद आएगा क्या, जो गुज़ारा साथ बचपन। शब-ए-माहताब ज़ालिम, मेरा तन जला रही है, ये हसीन चाँद-तारे, मुझे लग रहे हैं दुश्मन। शब-ए-माहताब चाँदनी रात। **अंशु विनोद गुप्ता**

बहुत आसान होता है हाल चाल

बहुत आसान होता है हाल चाल पूछना कोई जिम्मेदारी नहीं कोई बंधन नहीं औपचारिकता हमारे अंतस ने जवाब पहले से तय कर रखा है 'अच्छे हैं' अगर जवाब विपरीत मिले क्या फर्क पड़ता है मदद करनी है ही नहीं जिम्मेदारी उठानी है नहीं अपनी आत्मसंतुष्टि के लिए सुनना है 'अच्छे हैं' हासिए पर लोग हैं जो हकीकत में हाल चाल पूछते हैं सुख, दुख में साथ खड़े होते हैं तुम भी तो औपचारिकता करते हो सुनो 'हम अच्छे हैं' अपना ख्याल रखना। **रीता पाण्डेय**

अरविंद केजरीवाल के नये

श्री अरविंद केजरीवाल के नये सरकारी आवास के संबंध मे उपराज्यपाल वीके सक्सेना की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने कैग से ऑडिट कराने की मंजूरी दे दी है। इधर केजरीवाल जी ने यूसीसी पर सरकार के रूख का समर्थन कर दिया। **एड. अरूण कुमार गुप्ता**

उफ! अमा की रात में तम और

उफ ! अमा की रात में तम और तुषारापात में मैं बाम खोजती रही पर चाँद न मिला ।। समय के अलाव पर कुछ तेरे कुछ मेरे उबलते रहे सवाल पर जवाब न मिला।। **ममता अमर**

ज़िन्दगी में वक्त ने क्या-क्या

ज़िन्दगी में वक़्त ने क्या-क्या न बदला आदमी लेकिन कभी तुमसा न बदला बात होती हैं बहुत सी उल्फ़तों की मज़हबी आँखों का पर चश्मा न बदला ठोकरें खायीं बहुत तूफ़न में भी आँधियों में सच ने पर रस्ता न बदला वो बदलता है मगर धीरे से खुद को बेवफ़ा है पर कभी पूरा न बदला चार लोगों की कहावत कह ही डाली आदमी ने ये कभी जुमला न बदला वो मुहब्बत में वफ़ा को जानता है इश्क़ में जिसने कभी वादा न बदला। **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 01 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1852-सिन्ध के मुख्य आयुक्त सर बर्टलेफ्रेरे द्वारा सिर्फ़ सिंध राज्य में और मुंबई कराची मार्ग पर प्रयोग के लिए ' सिंध डाक' नामक डाक टिकट जारी किया गया। 1882-भारत रत्न सम्मानित वरिष्ठ चिकित्सक, निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ बिधान चंद्र राय का जन्म। 1927-भारत के 8वें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह का जन्म। 1959-जम्मू कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का जन्म। 1960-घाना अफ्रीका का एक प्रजातंत्र राज्य है, जिसे 01 जुलाई को गणराज्य घोषित किया गया था। 1964-भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना। 1990-पूर्वी एवं पश्चिमी जर्मनी के बीच सीमा रेखा की समाप्ति एवं पश्चिमी जर्मनी की मुद्रा को पूर्वी जर्मनी में मान्यता। 1991-बारसा संधि भंग की गयी। 1995-अमेरिका ने ताईवान के खलिफ़लगाये गये प्रतिबंध को हटाया। 1996-आस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में स्वेच्छा मृत्यु क़ानून विश्व में पहली बार लागू। 1997-देश की पहली साइंस सिटी कोलकाता में स्थापित की गई। 1999-भारतीय सेना के जांबाज सैनिक आबिद खान का निधन।

QUIZ TIME

1) किस देश के द्वारा कुआफू1 उपग्रह छोड़ गया?
2) एनर्जी ड्रिंक कम्पनी रेड बुल के सह-संस्थापक कौन थे?
3) मंत्री परिषद् की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है?
4) श्वेत फॉस्सफोरस अँधेरे में किस कारण से दीप्त होता है?
5) फीफा महिला विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड 2023 के आधिकारिक शुभंकर का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) डिट्रिच मैटेशिट्ज (3) प्रधानमंत्री (4) मंद ऑक्सीकरण (5) तजुनी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी पारिवारिक संबंधो को जोड़ कर रखने का प्रयास करें।

वृष : आज दिन का पूर्वार्ध लाभ दायक रहेगा परन्तु ले देकर कार्य करने की प्रवृति कुछ ना कुछ कमी अवश्य रखेगी।

मिथुन : आपका आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। प्रातः काल के समय किसी के मनमाने रवैये के कारण परेशान रह सकते है।

कर्क : आज का दिन आप संतोषी भावना रहने के चलते सुख से बितायेंगे। कार्य क्षेत्र पर मन मे चल रही दुविधा के कारण कुछ विशेष आयोजन नही कर सकेंगे।

सिंह : आज के दिन आप घर एवं व्यवसाय में तालमेल बैठाने के कारण दुविधा में रहेंगे। एक कार्य को करने के चक्कर मे अन्य आयवश्यक कार्य अधूरे रहेंगे।

कन्या : आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। सामाजिक क्षेत्र पर आज नए लोगो से जानपहचान होगी लेकिन आज मन राग द्वेष एवं हीन भावना से ग्रस्त रहने के कारण नये सम्बन्धो से लाभ नही उठा सकेंगे।

तुला : आज के दिन का आरंभ केवल आश्वासनों में बीतेगा। किसी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर किसी के निर्णय की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

वृश्चिक : आज के दिन आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे सफलता अवश्य मिलेगी परन्तु प्रारंभ में कुछ परेशानियां देख कर हतोत्साहित ना हो जाये निरंतर प्रयासरत रहें।

धनु : आज के दिन आप आध्यत्म के रंग में रंगे रहेंगे। दान-पुण्य कर पुण्य के भागी बनेंगे।

मकर : आपका आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा फिर भी काम से मन चुराने के कारण लोगो की आलोचना का सामना करना पड़ेगा।

कुंभ : आज का दिन कुछ विषयो को छोड़ विजय दिलाने वाला रहेगा। विद्यार्थ वर्ग को अध्ययन में बेहतर परिणाम मिलेंगे। व्यवसायी लोग भी आज अपने अधूरे कार्य पूर्ण होने से राहत की सांस लेंगे

मीन : आज के दिन का पूर्वार्ध परेशानियों वाला रहेगा। आकस्मिक किसी कार्य के आने से पूर्वनियोजित कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ेगा। कार्य क्षेत्र पर भी प्रतिस्पर्धी हावी रहेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -011

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

गरीबों के लिए केंद्र से आवास मांगेगी सरकार

■ बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किश्त जारी, पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को भी मिले पैसे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पिछले दस वर्षों में जुड़े नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार केन्द्र से आग्रह करेगी, यदि केन्द्र से अनुमति नहीं मिलती है, तो राज्य सरकार अपने बलबूते नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएगी।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता की तीसरी किश्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों के खाते में राशि के ऑनलाईन अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना चाहती है। इस उद्देश्य से जहां शासकीय नौकरियों में बड़ी संख्या में भर्तियां की जा रही हैं, वहीं युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित योजाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है।

31 करोड़ 69 लाख जारी

बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 1 लाख 16 हजार 737 हितग्राहियों के खाते में तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 49 हजार 157 हितग्राहियों के खाते में 151 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल माह और जून माह की तीन किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 80 करोड़ 64 लाख 25 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 1600 लाभार्थियों को तीन माह तथा मई माह के शेष 6847 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया।

युवाओं को आर्थिक संबल

सीएम ने बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी उस समय होगी, जब बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवा रोजगार से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप यदि ठान लें तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 13-14 वर्षों में 98 करोड़ रूपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में बांटे थे। हमने तीन माह में ही 80 करोड़ 64 लाख रूपए की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित की है।

प्रशिक्षित युवाओं को ऑफर लेटर दिए

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रतीक स्वरूप बेरोजगारी भत्ता के 25 प्रशिक्षित हितग्राहियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। इसी तरह पूरे प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता पाने वाले 738 युवाओं को तथा ऐसे 810 युवा जिन्हें बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, लेकिन जिन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण मिला है, उन्हें भी जिला स्तर पर ऑफर लेटर प्रदान किए गए। सीएम ने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। प्रदेश में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त 4 हजार से अधिक युवाओं को तीन माह में स्व-रोजगार और रोजगार से जोड़ा गया है।

469 नवआरक्षकों का दीक्षांत परेड संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना के परेड ग्राउंड में 469 पुरूष, महिला एवं तृतीय लिंग नवआरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण दीक्षांत परेड संपन्न हुआ। 29वां सत्र दीक्षांत समारोह में 308 महिला एवं 12 तृतीय लिंग नवआरक्षक एवं 42वां सत्र दीक्षांत समारोह में 149 पुरूष नवआरक्षक परेड में शामिल हुए। मुख्य अतिथि अजय यादव (भापुसे) पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, छत्तीसगढ़ ने दीक्षांत परेड समारोह में शामिल नवआरक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सदैव एक तराशने की प्रक्रिया होती है, कुछ संदर्भों में यह कष्टप्रद भी हो सकती है परन्तु यह आवश्यक प्रक्रिया है।

इस अवसर पर उन्होंने अपने पासिंग आउट परेड का भी स्मरण किया। यादव ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की आपराधिक कार्यप्रणाली में भी परिवर्तन हो रहा है, आपको ऐसी कार्यप्रणाली के प्रति सर्तक रहने की आवश्यकता है। मार्डन गजेट्स व अन्य संसाधन जहां अपराध की कार्यप्रणाली को बढ़ाते हैं वहीं यदि हम इनकी उपयोगिता को समझे तो अधिक कारगर ढंग से अपराध को नियंत्रित कर सकते हैं। पीटीएस माना के संस्था प्रमुख डॉ. इरफान-उल रहीम खान ने बताया कि इस संस्था को बीपीआरएण्डडी नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2021-2022 में केन्द्रीय गृहमंत्री ट्राफी से सम्मानित किया गया एवं 02 लाख नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। इस वर्ष संस्था को सर्टिफि केट प्राप्त हुआ। इस अवसर पर 29वां सत्र महिला/तृतीय लिंग नवआरक्षक से ऑल राउण्ड बेस्ट प्रशिक्षणार्थी का प्रथम स्थान महिला नवआरक्षक अभिलाषा सिंह जिला-राजनांदगांव को एवं 42वां सत्र पुरूष नवआरक्षक ऑल राउण्ड बेस्ट प्रशिक्षणार्थी का प्रथम स्थान मिथलेश पुजारी जिला-दन्तेवाड़ा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राकेश बघेल उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना द्वारा किया गया।

आज पीएम करेंगे सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। देश में आनुवांशिक बीमारी सिकलसेल को दूर करने भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत की जा रही है। वर्ष 2047 तक सिकलसेल को खत्म करने करने देश के 17 राज्यों के 278 जिलों में यह मिशन संचालित किया जाएगा। इस मिशन में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 जुलाई को मध्यप्रदेश के शहडोल में राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव रायपुर के राजा तालाब स्थित हमर अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। वे स्थानीय लाभार्थियों को सिकलसेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड भी वितरित करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी ने बताया कि सिकलसेल के उन्मूलन के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सिकलसेल रोग से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करना है। यह मिशन वर्ष 2047 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में सिकलसेल को खत्म करने के सरकार के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसे 17 राज्यों के 278 जिलों में लागू किया जा रहा है। डॉ. सोनवानी ने बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, असम, उत्तरप्रदेश, केरल, बिहार और उत्तराखंड को राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में शामिल किया गया है। मिशन के अंतर्गत विकासखंडवार लोगों को सिकलसेल के कारण और बचाव के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही जरूरी जांच और इलाज भी मुहैया कराया जाएगा।

सीएम के बयान पर पूर्व सीएम पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर तंज कसा था। जिसके जवाब में सीएम भूपेश बघेल ने शुक्रवार को जोगी की बात छेड़ते हुए डॉ. रमन पर निशाना साधा। जैसे ही सीएम का बयान वायरल हुआ तो रमन सिंह ने पलटवार करते हुए ट्विटर पर लिखा, प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी जी आज हमारे बीच नहीं है। इसलिए कांग्रेस के बडबोले दाऊ भूपेश बघेल मानवीय मर्यादा भूलकर कांग्रेसी संस्कृति के अनुसार आक्षेप मढ़ रहे हैं, लेकिन एक राजनीतिक प्रतिद्वंदी के रूप में जोगी जी की नीतियों की हम कितनी भी आलोचना कर लें पर छग को अपने बेटे की निष्ठा पर कभी संदेह नहीं हो सकता। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने डिप्टी सीएम का पद दिए जाने पर टीएस सिंहदेव को झुनझुना पकड़ाने की बात कही थी। शुक्रवार को बिलासपुर रवाना होने के पहले मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने पूर्व सीएम रमन सिंह पर पटलवार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाए जाने से सबसे ज्यादा तकलीफ सिंह को हुई है, क्योंकि अजीत जोगी के भरोसे वे तीन बार मुख्यमंत्री बने और अब उम्मीद कर रहे थे कि ऐसा कुछ हो जाता लेकिन कांग्रेस पहले से एकजुट है। ऐसा एक बार हो गया लेकिन बार-बार नहीं होता। इसी बयान पर पूर्व सीएम ने भी पलटवार किया।

पाठ्य पुस्तक निगम का पूर्व जीएम गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम को एसीबी ने गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि निगम में पद में रहते हुए करोड़ों के घपले किए। वे पिछले कई महीनों से फरार चल रहे थे। पापुनि के पूर्व जीएम एके चतुर्वेदी के खिलाफ तीन साल पुरानी शिकायतें एसीबी में थीं। ईओडब्ल्यू में भी कुछ आर्थिक मामलों की शिकायत की गई हैं। कई कांग्रेस नेताओं ने इसके खिलाफ शिकायतें की थीं। चतुर्वेदी पर कुछ भाजपा नेताओं के करीबी होने और उनके इशारों पर काम करने के आरोप लगाए गए थे।

हालांकि भाजपा नेता चतुर्वेदी से खुद को हमेशा अलग बताते रहे। तीन साल पहले 2020-21 में पाठ्य पुस्तक निगम बोर्ड में 6 करोड़ का टेंडर घोटाला सामने आया था। अफसरों ने स्कूलों में ग्रीन और मैग्नेटिक बोर्ड सप्लाई के लिए टेंडर निकाला, फिर जिस कंपनी को ठेका देना था उसके साथ सांठगांठ कर दो बड़ी कंपनियों के नाम से फर्जी टेंडर भर दिए। फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से बोर्ड के तत्कालीन जीएम अशोक चतुर्वेदी अपनी करीबी कंपनी को ठेका दिलवा दिया था। जांच के बाद घोटाले का पर्दाफाश होने पर राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू ने जीएम और उसके करीबी कर्मियों और ठेका लेने वाली फर्म के जिम्मेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में केस दर्ज किया था। ईओडब्ल्यू ने जीएम के अलावा ठेका लेने वाली फर्म के हितेश चौबे और फर्जीवाड़े में शामिल उनकी कंपनी के स्टाफ बृजेंद्र तिवारी और निगम की निविदा समिति के सदस्यों के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले की जांच चल रही थी। चतुर्वेदी के खिलाफ ये जानकारी भी सामने आई कि पाठ्य पुस्तक निगम (पापुनि) में वर्ष 2017-18 और 2019 के दौरान स्वेच्छानुदान के नाम पर 98 लाख के गोलमाल का खुलासा किया गया।

किसी को इलाज के नाम पर तो किसी को सामान खरीदने के लिए पैसे दे दिए। पैसे जिन्हें दिए गए, उनका न तो पापुनि से कोई संबंध है और न ही उन्होंने निगम के लिए कोई योगदान दिया है। इस मामले की शिकायतकर्ता विनोद तिवारी ने भी की थी। उन्होंने पापुनि के तत्कालीन जीएम अशोक चतुर्वेदी पर आरोप लगाते हुए शिकायत की थी कि उन्होंने अपने नाते-रिश्तेदारों और परिचितों के लिए इस राशि का उपयोग किया था। इसलिए पापुनि की ओर से चतुर्वेदी से ही इसकी पूरी वसूली की जानी चाहिए और उन्हें शासकीय सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों को व्हीलचेयर ट्राईसिकल बैशाखी प्रदान किए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलासपुर के गुजराती भवन में आयोजित भारतीय जैन संगठना के निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर के समापन अवसर पर पहुंचे। उन्होंने शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राइसिकल, श्रवण संबंधी उपकरण, बैशाखी, कृत्रिम अंग प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे संगठन एवं शिविर में सेवा दे रहे सभी चिकित्सकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद दिव्यांगों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए सभी को स्वस्थ जीवन के शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण, नगर निगम के सभापति शेख नजरूद्दीन, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित विजय पाण्डेय तथा अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं रूरल इलेक्ट्रिफिक्रेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से भारतीय जैन संगठना एवं गुजराती

समाज के सहयोग से यह 6 दिवसीय दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। 25 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर का आज समापन हुआ। शिविर में अब तक दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार 145 कृत्रिम अंग, 105 कैलिपर्स, 135 कृत्रिम हाथ, 110 बैशाखी, 53 ट्राईसिकल, 75 व्हीलचेयर और 215 श्रवण यंत्र का वितरण किया गया।

तनवीर बने सपा के राष्ट्रीय सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव देखते हुए उन्हें प्रदेश में भी पार्टी को मजबूत करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में वे प्रदेश का लगातार दौरा कर रहे हैं। पार्टी को मजबूती प्रदान करने में लगे हुए हैं। पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बताया कि तनवीर छत्तीसगढ़ के सबसे शानदार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। उनका कार्यकाल बेहतर रहा है। इन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ छत्तीसगढ़ में काम किया है। सपा का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि तनवीर अहमद राष्ट्रीय लेवल की जिम्मेदारी को निभाएं। डॉ. राममनोहर लोहिया, जनेश्वर मिश्र, जयप्रकाश नारायण, मुलायम सिंह यादव के विचारधारा को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने का काम करें। सपा के रायपुर जिला अध्यक्ष और प्रदेश के राजनीतिक सलाहकार बृजेश चौरसिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें अहम जिम्मेदारी मिलने से प्रदेश के पार्टी कार्यकताओं में भारी उत्साह और हर्ष है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें अहम जिम्मेदारी भी दी गई है। सपा ब्लॉक, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर तेजी से पार्टी का विस्तार कर रही है। हम विधानसभा चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में सपा की सरकार बनाएंगे।

स्व अजीत जोगी की भांजी 'आप' में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने में महज चार महीने से शेष बचे हैं। ऐसे में सभी पार्टियां जी जान से चुनावी मैदान में कूद पड़ी हैं। अपनी सदस्यता अभियान भी तेजी से चला रही है।

फेमस हस्तियों और अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी पार्टी में प्रवेश कराने का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की एक बड़ी हस्ती के परिवार को पार्टी में शामिल कराया। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की भांजी डॉ. आराधना दास ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। वो आप में शामिल हो गईं। आप के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान जोगी कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश महामंत्री डॉ. विनोद तांडे ने भी आप में प्रवेश किया। वहीं शिवसेना के जिला उपाध्यक्ष द्वारिका जगत भी आप में प्रवेश किए। सभी को प्रदेश प्रभारी ने पार्टी की सदस्यता दिलवाई।

बिना फिटनेस और टैक्स के अब सड़कों से गुजरना पड़ेगा मंहगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार अब बिना फिटनेस, टैक्स और बिना दस्तावेज के चलने वाले वाहनों पर सख्ती करने की तैयारी में हैं। प्रदेश के विभिन्न मार्ग में अब एएनपीआर ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू करने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जिससे कि बिना फिटनेस और बिना टैक्स वाले वाहनों के सड़कों से गुजरने पर ऑटोमैटिक चालान होगा।

अब इसका उद्घाटन किया जाएगा। सीएम भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप प्रदेश में परिवहन सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु के आँकड़ो को देख कर प्रदेश में रोड एक्सीडेंट कम करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण बिना फिटनेस के चलने वाले हैवी गाड़िया है। अनफिट गाड़ियो से होने वाली सड़क दुर्घटना कम करने के लिए प्रदेश में परिवहन विभाग की पहल पर विभिन्न मार्ग में एएनपीआर कैमरा लगाये जा रहे है, जो बिना फिटनेस और टैक्स के चलने वाले वाहनों को डिटेक्ट कर ऑटोमैटिक चालानी कार्यवाही करेगा। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में विभिन्न मार्ग पर चलने वाले ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए पहले चरण में 09 जगहों पर एएनपीआर कैमरा लगाया है जो परिवहन विभाग के वाहन सॉफ्टवेर और ई डिटेक्शन सिस्टम से जुड़ा हुआ है।

दस्तावेज अप टू डेट रखने की अपील

परिवहन सचिव एस प्रकाश द्वारा वाहन मालिकों से अपील की गई है कि सड़क में वाहन चलाने से पहले गाड़ी के समूर्ण आवश्यक दस्तावेज को अप-टू-डेट करा ले। सभी दस्तावेज पूर्ण होना स्वय और सड़क में चलने वाले अन्य सभी लोगों के सुरक्षा के लिये आवश्यक है। वहीं परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा द्वारा वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे फिटनेस, टैक्स, बीमा और पीयूसी के जुर्माने से बचने के लिए वाहन के दस्तावेज अप-टू-डेट रखें।

इन जगहों में शुरू हुआ एएनपीआर ई डिटेक्शन सिस्टम

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00055 के अंतर्गत ग्राम पाउवारा के वर्तमान भूमिस्वामी अंगदराम पिता नारायण प्रसाद पता म.नं. 42 वार्ड नं 13 मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 859/1 (0.0201) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इमरान अली पिता मकबूल अहमद पता प्लाट नं. 112/जीएच आजाद मार्केट प्रगति नगर वार्ड नं. 63 भिलाई तह. व जिला दुर्ग, इरफान अली पिता मकबूल अहमद पता प्लाट नं. 112 जीएच आजाद मार्केट प्रगति नगर वार्ड 63 तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.7.2023 को समय 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.06.2023 को जारी किया जाता है।

सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1
मामले की श्रेणी - राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 0005 पाउवारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी5106426062023016

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00055 के अंतर्गत ग्राम पाउवारा के वर्तमान भूमिस्वामी अंगदराम पिता नारायण प्रसाद पता म.नं. 42 वार्ड नं 13 मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 859/1 (0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सईदा बेगम पिता/पति सरफुद्दीन अंसारी पता- अंगौता सिवान, मिर्जापुर (बिहार) के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.7.2023 को समय 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2023 को जारी किया जाता है।

सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग

बूथ चलो अभियान में शामिल हुए मंत्री शिव डहरिया

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रांका एवं नगर के वार्ड सिघौरी सहित ग्राम भोईनाभाठा में आयोजित बूथ चलो अभियान के अंतर्गत प्रभारी नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम छत्तीसगढ महतारी की तौलचित्र में माल्यार्पण कर राजकीय गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया ने कहा कि वास्तव में भूपेश बघेल के सरकार बनने के बाद आज हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था छत्तीसगढ़ का वह पूरा हुआ हैं। विधायक आशीष छाबड़ा के मांग पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने नगर पालिका परिषद बेमेतरा के लिए 2 करोड़ रुपए दिए जाने की घोषणा की, जिससे नगर में विभिन्न विकास कार्यों को गति मिल सकें।छत्तीसगढ़ सरकार की साढ़े चार वर्षो की तारीफ करते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं, लेकिन हमारे अन्नदाता कर्ज में डूबे हुए थे, मजदूर लगातार पलायन कर रहे थे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी ना किसान को ना मजदूरों को ना महिलाओं को ऐसा कोई काम मिला जिससे उनके जीवन में कोई परिवर्तन आए। आप सभी को आपको याद होगा स्व. नंदकुमार पटेल ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी, वह परिवर्तन यात्रा सरकार के परिवर्तन की नहीं बल्कि लोगों के जीवन में परिवर्तन आए, वह उसका उद्देश्य था। हमारे पूर्वज कहते थे छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा की भरमार हैं, यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य, जंगल सबका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। लेकिन 15 साल तक लोगों को लगा ही नहीं कि छत्तीसगढ़ में उनकी कोई हिस्सेदारी हैं। केवल चावल वाला बाबा मिला, जिसने नान खदान धान सभी घोटाला किया हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने जो कहा सो किया की नीति कर जनता से किए हर वादे को किया हैं, इन साढ़े चार साल में प्रदेश की जनता ने भूपेश बघेल सरकार को हर वर्ग के साथ न्याय करते देखा हैं। किसान, मजदूर, आदिवासी, युवा सभी के साथ कांग्रेस सरकार ने न्याय करने न्याय योजना चलाया हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी कृषि मजदूर न्याय योजना से लोगों के जीवन स्तर में परिवर्तन ला रही हैं, महिला स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुशल नीति के कारण प्रदेश में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला सशक्तीकरण को बढ़ाने के लिए कांग्रेस सरकार ने स्वसहायता समूह के बहनों के लिए 13 हजार करोड़ ऋण माफ किए हैं, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ काम कर रही हैं। आत्मसम्मान के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं, हमारे पुरखों का सम्मान बढ़ा है, अपने तीज-त्योहारों, छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने किया हैं। हम लगातार आम जनता से किए वायदों को पूरा कर रहें हैं। किसानों की कर्जमाफी, सिंचाई कर माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों की उपज का उचित मूल्य देने के वादे, हाफ बिजली बिल, लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, लघु वनोपजों का मूल्य संवर्धन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के जरिए आर्थिक सहायता देने, गोधन न्याय योजना के जरिए गोवंश की रक्षा के साथ आय के नए साधन उपलब्ध कराने जैसे काम हमारी सरकार ने किए हैं। छत्तीसगढ़ में गौठानों को रुरल इंड्रस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा हैं, इसके लिए रीपा योजना शुरू की गई हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना को साकार करने का काम हमारी सरकार ने किया हैं। ग्रामीण महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की मुस्कान, ग्रामीणों का हमारी योजनाओं के प्रति बढ़ता विश्वास हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि हैं।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज का बेमेतरा वार्षिक निरीक्षण

- **आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजपत्रित अधिकारियों को संवेदनशील ग्रामों का भ्रमण कर आम जनता से भेंट मुलाकात करने हेतु किया निर्देशित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज (द्धतक्क) महोदय डॉ. आनंद छाबडा (भा.पु.से.) द्वारा आज 30 जून को जिला पुलिस बेमेतरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा का निरीक्षण स्टेटमेंट के अधार पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज (IGP) द्वारा जिला बेमेतरा वार्षिक निरीक्षण के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारियो की बैठक ली गई। जिसमें जिले के नागरिकों के समस्याओं के निराकरण हेतु आकस्मिक योजना के तहत चलित थाना लगाने के निर्देश दिये। बेमेतरा जिले के थाना/चौकी में पंजीबद्ध अपराधों खासकर महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पंजीबद्ध मामलों की गंभीरता व संवेदनशीलता के आधार पर निराकरण करने तथा अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा, नशीली दवा पर नियंत्रण करने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने तथा थाना/चौकी में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने एवं अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देशो का समय पर पालन करने हेतु निर्देशित किया गया हैं तथा पेंशन प्रकरणों, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने व विभागीय जांच समयपर निराकरण करने करने हेतु निर्देशित किया गया।

शिवनाथ नदी में बहा युवक 36 घंटे बाद भी लापता

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा से लगभग 7 किलोमीटर दूर सिमरिया घाट स्थित शिवनाथ नदी मैं गुरुवार की दोपहर में युवक के बह जाने के बाद दूसरे दिन भी पुलिस गोताखोरों और एसडीआरएफकी मदद से उसकी खोजबीन में लगी रही,लेकिन शुक्रवार की शाम तक उसका कही कुछ पता नहीं चला। ग्रामीण थाने की पुलिस के द्वारा युवक की खोजबीन की जा रही है। विदित हो की गुरुवार की दोपहर में सेमरिया घाट की शिवनाथ नदी में 1 युवक बह गया,इस बात की जानकारी ग्रामीण पुलिस को मिलते ही ग्रामीण पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर घटना स्थल पर मिले। कपड़े को देखा और कपड़े में पहचान पत्र आजाद अग्रवाल खरसिया जिला रायगढ़ का मिला और उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास होगी ।पुलिस के मुताबिक बहने वाला युवक सिर्फ चड्डी में होगा,क्युकी घटना स्थल पेंट शर्ट मिला है। लेकिन घटना के 36 घंटे बाद भी युवक के बारे में कही कुछ पता नहीं चल पाया।इस बीच शुक्रवार को भी ग्रामीण पुलिस ने स्थानीय गोताखोर के अलावा,बलोदा बाजार,रायपुर के गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम भी सेमरिया घाट से मानकु दीप तक लगातार खोज बिन में लगी हुई है। पुलिस का मानना है की पानी बहुत ज्यादा होने और बहाव तेज होने के कारण संभवत बहा युवक और आगे बढ़ गया होगा और फिर पानी कुछ कम होने के बाद उसकी खोज बिन में और तेजी ला कर हर संभव तलाश करेगी। लगातार बरसात होने की वजह से शिवनाथ नदी भी अभी उफान पर चल रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अपने अध्यक्ष का मान...

होना चाहिए। इसके के साथ ही भाजपा की केंद्र सरकार की नाकामी और अफवाह फैलाने की योजनाओं की जानकारी उन्हें होना चाहिए। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व पीसीसी प्रभारी कुमारी सेलजा, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने बिलासपुर जिले के अलग-अलग बूथों में जाकर बूथ चलो अभियान की शुरूआत की। खुद मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर विधानसभा के पांच बूथों में जाकर पदाधिकारियों से चर्चा की और उन्हें विधानसभा चुनाव की तैयारियों के टिप्स दिए।

नड्डा ने केंद्र की गिनाई ...

किलोमीटर की नेशनल हाईवे बन कर तैयार हुई है। देश में 23 वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई है। जिसमें बिलासपुर से भी वंदे भारत ट्रेन चल रही है। दुनिया में आर्थिक समस्या थी। मगर पूरी दुनिया भारत को देख रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पढ़ते लिखते नहीं हैं। मंच पर प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। जेपी नड्डा मध्यप्रदेश से तय कार्यक्रम अनुसार 3 की घंटे की देरी से बिलासपुर पहुंचे थे।

जुमलेबाजी नहीं करती ...

मंत्री टीएस सिंहदेव के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई डैमेज नहीं है तो इसमें कंट्रोल की क्या बात है। टीएस सिंहदेव पहले भी मंत्रीमंडल में रहे हैं, उनका सहयोग हमेशा रहा है। सब जानते हैं कि उनका स्टेटस है। समय-समय पर पार्टी विचार करती है और शीर्ष नेतृत्व को लगा कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ...

योजनाएं गिनवाकर वोटर्स का ध्यान खीचेंगे।

मेट्रो से डीयू पहुंच...

पहले अमेरिका की यात्रा पर गया। आपने देखा होगा कि भारत का सम्मान और गौरव कितना बढ़ा है, क्योंकि भारत की क्षमता और भारत के युवाओं पर विश्व का भरोसा बढ़ा है।' पीएम मोदी अचानक मेट्रो से सफर कर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंचे। वे सुबह 11 बजे लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन गए। यहां उन्होंने टिकट काउंटर से टोकन लिया और उसके बाद वे प्लेटफॉर्म पहुंचे। मेट्रो में यात्रियों के साथ बातचीत भी की। दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मई 1922 को हुई थी। इसमें 86 विभाग, 90 कॉलेज, 6 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं।

राज्यपाल से मिले ...

के लिए निकल रहे थे, लेकिन अपने घर के बाहर समर्थकों के प्रदर्शन को देखने के बाद वे वापस लौट गए। बीरेन सिंह के घर के बाहर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने ह्यूमन चेन बनाया और कहा कि वे नहीं चाहती कि उनके सीएम इस्तीफा दें। उनके इस्तीफे की एक कॉपी भी तब फाड़ दी गई, जब दो मंत्री इसे लेकर सीएम हाउस के बाहर आए और उसे प्रदर्शन कर रही महिलाओं को सौंपा।

मणिपुर को शांति ...

मेरी मणिपुर के हर व्यक्ति से अपील है कि शांति बनाए रखें। मैं यहां मौजूद हूं और जो शांति कि लिए कर सकता हूं वह करूंगा। गुरुवार को राहुल ने चूराचांदपुर में रिलिफकैंप में पीड़ितों से मुलाकात की थी। हालांकि, चूराचांदपुर पहुंचने से पहले राहुल का काफिला बिष्णुपुर में रोका गया था। पुलिस ने कहा था कि हिंसा की आशंका के चलते काफिला रोका गया था। इसके बाद राहुल हेलिकॉप्टर से चूराचांदपुर पहुंचे थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202306100700053. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुभाष प्रसाद कन्नौजिया आ सुरेश प्रसाद कन्नौजिया साकिन ए.मार्केट से 10 भिलाई द्वारा ग्राम कसारीडीह प.ह.न ..रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नंबर 642 रकबा 0.073 हे..जो उसके बच्ची बाई ध.प सुरेश साहू के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/06/2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 05/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भावेश कुमार पिता नरसिंह लाल सिन्हा निवासी 221,वार्ड नंबर 03 ग्राम अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम भावेश कुमार सिन्हा पिता नरसिंह लाल सिन्हा रख लिया हूँ । अतः आज से मुझे समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम भावेश कुमार सिन्हा पिता नरसिंह लाल सिन्हा से ही जाना पहचाना जावें।

भावेश कुमार सिन्हा
निवासी 221 वार्ड नंबर 03
ग्राम अण्डा
जिला दुर्ग , (छ.ग.) 491221

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./132/अ-20 (3)/वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट -नंबर 202305103800021

आवेदक विवेक जैन ,पिता श्री उत्तम चंद जैन निवासी स्टेशन पारा दुर्ग की ओर से इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र 74 भूखण्ड क्रमांक 3/21 रकबा 58.00 वर्गमीटर है। उक्त भूमिण्ड मेरी आवेदक की माता श्रीमती ममता जैन की मृत्यु हो चुकी है, जिनके वैद्य वारिसानों में स्वयं आवेदक विवेक जैन एवं विकास जैन (पुत्र) , शिवानी जैन एवं शिखा जैन (पुत्री) है, इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त समय में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.07.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा। आज दिनांक21.05.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./58 /अ-20 (3)/वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट -नंबर 202306103800043

आवेदक रमेश गुप्ता आ स्व राधारमण गुप्ता एवं अन्य 01 निवासी आमदी नगर हुडको मिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट न. एच.आई.जी.-40 रकमा 330 वर्गमीटर भूमि धाहकगण कृष्णा कुमारी पति राधारमण गुप्ता, रमेश, प्रभा, मंजू पिरा, राधारमण गुप्ता, दुर्गा पति कमल गुप्ता, प्रशांत प्रकाश, प्रतिमा पिरा. कमल गुप्ता निवासी आमदी नगर हुडको गिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारकगण कृष्णा कुमारी पति राधारमण गुप्ता, प्रभा, मंजू पिरा.राधारमण गुप्ता द्वारा उक्त भूखंड का टु. 198 वर्गमीटर भूखण्ड आवेदकगण सहित अन्य शेष सहधारकों के पक्ष मे पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 19.06.2023 को निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उसा पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्ता सहधारक का नाम विलोपित कर शेष सहधारकों का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त समय में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.07.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22.06.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./161/अ-20(3)/वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट -नंबर 202306103800035

आवेदक मधुसुदन गौतम आ पीलालाल गौतम निवासी जवाहर नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग की ओर से इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र 86 प्लट नंबर 4/4 एवं शीट क्र 87 का प्लाट नंबर 1/5 क्षेत्रफल 162.578 वर्गमीटर भूमि धारक है तीरथ राम देवांगन आ स्व खेदूराम देवांगन नि. जवाहर नगर दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 22/03/2023 द्वारा क्रेता मधुसूदन गौतम आ पीलालाल गौतम को विक्रय किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारका/विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त समय में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.07.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप / आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22.06.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

If is informed to the general public that I,Bhavesh kumar s/o Narsing lal sinha resident of 221,ward no -03 village anda dist durg C.G. have chaged my old name to new name Bhavesh kumar sinha , s/o Narsing lal sinha so in tuture I should be recognized by my new name that is Bhavesh kumar sinha s/o narsing lal sinha in all government and other documents.

Bhavesh kumar sinha
221,ward no -03 village anda
dist durg C.G 491221

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 31.07.2023

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **31.07.2023** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
मेसर्स अजंता ट्रेड हाउस एण्ड कॉस्मेटिक्स, प्रोपराईटर श्री श्री गणेश राम महोबिया, गोल बाजार, हबीब कॉम्प्लेक्स, सब्जी मण्डी, शॉप नं. 07, डोंगरगढ़-491445.	प्लॉट नं. 1267/1 व 1268/1, शीट नं. 2, हबीब कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 17, ग्राम- डोंगरगढ़, तहसील- डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव-491445, क्षेत्रफल- 241.10 वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक दुकान नं. 08 के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** दुकान नं. 9, **दक्षिण-** सब्जी मण्डी गली, **पूर्व-** दुकान नं. 12, **पश्चिम-** दुकान नं. 7.	01.02.2022 20.04.2022 ₹ 12,71,818.53 01.02.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 15,20,000/- ₹ 1,52,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Dibyendu Biswas (Mo. 7806005903) Dongargarh Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005260 Email: cb5260@canarabank.com
मेसर्स ए.आर. इण्डस्ट्रीज, प्रोपराईटर- श्रीमती समरून निशा पति- अब्दुल गफ्फार, 562, कविलाश नगर, शिव मंदिर के पास, बिरगांव, रायपुर-493221, **जमानतदार- श्री अब्दुल गफ्फार पिता- अलादीन खान**, 562, कविलाश नगर, शिव मंदिर के पास, बिरगांव, रायपुर-493221.	**स्वामित्व- अब्दुल गफ्फार पिता- अलादीन खान**, खसरा नं. 85/25, प.ह.नं. 108, धन लक्ष्मी नगर, बंजारी माता वार्ड नं. 5, भनपुरी, रायपुर , क्षेत्रफल- 700 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** जवाहर लाल यादव की भूमि, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** देवकी देवी की भूमि, **पश्चिम-** बिन्दल की भूमि ।	28.04.2022 25.08.2022 ₹ 20,49,295.00 03.06.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 12,80,000/- ₹ 1,28,000/- ₹ 10,000/-	Sarita Kumari (Mo. 9516009425) TP Nagar Branch Raipur A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005306 Email: cb5306@canarabank.com
मेसर्स श्री साई टी सेल्स, प्रोपराईटर- श्रीमती विदवंत कौर पति- दर्शन सिंह हंसपाल, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़-492009, **जमानतदार- श्री सुरेन्द्रपाल सिंह हंसपाल पिता- दर्शन सिंह हंसपाल**, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़-492009,	खसरा नं. 265/3 (भाग), 10/2, प.ह.नं. 48, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, राजीव गांधी वार्ड नं. 22, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय मकान के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-**सड़क, गली नं. 4, **दक्षिण-** सिमरजीत कौर की भूमि, **पूर्व-** गुप्ता की भूमि, **पश्चिम-** सड़क ।	05.07.2019 04.11.2019 ₹ 70,43,265.15 19.09.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 75,00,000/- ₹ 7,50,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Umesh Kumar Gupta (Mo. 7904062571) Raipur - II Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017855 Email: cb17855@canarabank.com
1. शेख कासिम पिता- शेख दाऊद, रिसाई पारा, वार्ड 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773, **2. श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पति- शेख कासिम**, रिसाई पारा, वार्ड 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	सर्वे नं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाईपारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) क्षेत्रफल- 118.50 वर्गमीटर में स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** मंगल प्रसाद का मकान, **दक्षिण-** नदीम का मकान, **पूर्व-** मंगल प्रसाद का मकान, **पश्चिम-** नगर निगम सड़क.	17.02.2020 12.10.2020 ₹ 9,87,471.00 17.02.2020 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 14,66,000/- ₹ 1,46,600/- ₹ 10,000/-	Mr. Rakesh Sahu (Mo. 9589172700) Dhamtari-I Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0003355 Email: cb3355@canarabank.com
(1) **मोनार्क स्क्रीन एण्ड ऑफसेट प्रिंटर्स, प्रोप. श्री राजीव गोपाले**, शॉप नं. 2, एंजिल कॉम्प्लेक्स, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के सामने, स्टेशन रोड, दुर्ग, **जमानतदार- 1) श्रीमती मधुमती गोपाले, 2) श्रीमती ज्योति गोपाले.**	**स्वामित्व- श्रीमती मधुमती गोपाले**, नजुल शीट नं. 45/सी, प्लॉट नं. 101/2, शॉप नं. 2, एंजिल कॉम्प्लेक्स, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के सामने, स्टेशन रोड, पचरीपारा, वार्ड नं. 28, तहसील व जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 168 वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक भवन से युक्त संपत्ति के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** होटल, **दक्षिण-** गली, **पूर्व-** शॉप नं. 3, **पश्चिम-** शॉप नं. 1.	19.12.2022 23.02.2023 ₹ 12,43,817.00 19.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 18,00,000/- ₹ 1,80,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Vikash Kumar Dewangan (Mo. 9039446525) Padmanabhpur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005731 Email: cb5731@canarabank.com
1. **संतोष गुरनानी पिता- अर्जुन दास गुरनानी**, फ्लैट नं. ए/103, क्रास रोड, वार्ड नं. 46, अमलीडीह, रायपुर एवं 2. **भागचंद गुरनानी पिता- अर्जुन दास गुरनानी**, फ्लैट नं. डी/102, गोल्डन टावर, वार्ड 46, पानी टंकी के पास, अमलीडीह, रायपुर.	खसरा नं. 206/2, प.ह.नं. 114/45, प्रथम तल, बहुमंजिला परिसर, क्रॉस रोड अमलीडीह, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 46, आरआईसी- रायपुर-2, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. क्षेत्रफल- 725 वर्गफीट में स्थित डायवर्टेड आवासीय भूमि फ्लैट नं. ए-103. **चौहद्दीः पूर्व-** गली, **पश्चिम-** खुली भूमि, **उत्तर-** गली, **दक्षिण-** फ्लैट नं. 101.	11.10.2022 17.12.2022 ₹ 14,36,100.00 11.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 19,50,000/- ₹ 1,95,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Manoj Kumar (Mo. 9425505142) Sej Bahar Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005142 Email: cb5142@canarabank.com
1. **श्रीमती रंजीता पटेल (ऋणी) पति- श्री महेन्द्र कुमार पटेल**, खसरा नं. 921/4, 1772, मकान नं. 152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म,खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग. 2. **श्री महेन्द्र कुमार पटेल (जमानतदार) पिता- स्व. श्री नारायण पटेल**, मकान नं.152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म,खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग.	खसरा नं. 921/4, प.ह.नं. 5, आरआईसी-भिलाई 3, मकान नं. 152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म,खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग. क्षेत्रफल- 6000 वर्गफीट में निर्मित संपत्ति के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** मनोहर की भूमि, **दक्षिण-** आनंद राम की भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** गणेश साहू की भूमि.	27.10.2022 05.01.2023 ₹ 41,71,000.00 27.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 63,32,000/- ₹ 6,33,200/- ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Sukhdevrao Kawale (Mo. 8770592270) Raipur GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
1. **श्री प्रकाश पटेल पिता- स्व. नानजी भाई पटेल**, मकान नं. 174, कैलाश नगर, ग्रामीण बैंक के पास, वार्ड 11, कुम्हारी-490042, जिला-दुर्ग (छ.ग.), 2. **श्रीमती हर्षा पटेल पति- प्रकाश पटेल**, मकान नं. 174, कैलाश नगर, ग्रामीण बैंक के पास, वार्ड 11, कुम्हारी-490042, जिला-दुर्ग (छ.ग.),	प.ह.नं. 49, बंदोबस्त नं. 79, खसरा नं. 1460/17 का भाग (नामांतरण के बाद खसरा नं. 1460/95), ग्राम- कुम्हारी, जिला- दुर्ग-490042 । क्षेत्रफल- 0.0160 हेक्टेयर में स्थित आवासीय मकान का साम्यिक बंधक । **चौहद्दीः पूर्व-** अटील गुप्ता का प्लॉट, **पश्चिम-** मानिकपुरी का प्लॉट, **उत्तर-** 15 फीट सड़क, **दक्षिण-** विक्रेता की भूमि ।	28.10.2022 05.01.2023 ₹ 21,69,958.05 27.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 40,14,000/- ₹ 4,01,400/- ₹ 10,000/-	Mr. Vivek (Mo. 7000201336) Kumhari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005305 Email: cb5305@canarabank.com
मेसर्स क्रियेटिव इण्डस्ट्रीज, प्रोप. श्री अकबर हैदरी पिता- अहसनुल हक, मकान नं. ए4, श्री राम विहार, माईनिंग ऑफिस के पीछे, रिंग रोड, रायपुर-492001, **जमानतदार- श्री सफदर हैदरी पिता- अकबर हैदरी**, मकान नं. ए-04, श्री राम विहार, माइनिंग ऑफिस के पीछे, रिंग रोड, रायपुर-492001.	खसरा नं. 139/15 का भाग, प्लॉट नं. ए-04, पुरैना, श्री राम विहार, रानी दुर्गावती वार्ड नं. 45, प.ह.नं. 113, आरआईसी- रायपुर, क्षेत्रफल- 1250 वर्गफिट में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** प्लॉट नं. ए-03, **दक्षिण-** प्लॉट नं. ए-05, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** अन्य का प्लॉट ।	06.03.2018 02.06.2018 ₹ 16,75,626.00 06.03.2018 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 34,30,000/- ₹ 3,43,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Sanjay Kumar (Mo. 9425503705) Devendra Nagar Branch, A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0003705 E-mail: cb3705@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अपोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.indianbankseauction.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **28.07.2023**, सुबह **10.30** से सायं **4.30** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि **(EMD)** आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक **28.07.2023** को सायं **4.30** बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd., Contact: -9480691777/8553643144, E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.indianbankseauction.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 28.07.2023** को **सायं 4.30** बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के **प्राधिकृत अधिकारी** से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सके।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 01.07.2023 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 30.06.2022 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

किसानों को खाद-बीज, दवाइयां उपलब्धता सुनिश्चित करें : कलेक्टर

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मौजूदा खरीफ सीजन में जिले के किसानों को समुचित मात्रा में खाद-बीज, कीटनाशक दवाईयां आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को किसी भी स्थिति में खाद-बीज, दवाईयों आदि के लिए दिक्कत नहीं होनी चाहिए। श्री शर्मा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को मौजूदा खरीफ सीजन में किसानों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम योगेन्द्र श्रीवास सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में शर्मा ने कहा कि वर्षा ऋतु में जिले के दूरस्थ एवं पहुंच विहिन क्षेत्र के लोगों को खाद्यान्न सामाग्रियों की उपलब्धता के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को जिले के सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न भण्डारण कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वर्षा ऋतु में जल जनित बिमारियों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर, बीमारियों के प्रसार के रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा मैदानी अमले के रूप में कार्यरत् स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों आदि के पास भी पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य शिविरों में लोगों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्मा आदि वितरित करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने श्रवण बाधित व्यक्तियों की जांच कर, उन्हें आवश्यकतानुसार श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के शतप्रतिशत लोगों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को इसके लिए योजना बनाकर इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिले के सभी छात्रावास, आश्रमों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर शतप्रतिशत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी वृद्धाश्रमों एवं घरौंदा आदि आश्रय गृहों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भेजकर वहां निवासरत लोगों का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के गौठानों में गोबर खरीदी के कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बारिश के दौरान गौठानों में गोबर के समुचित रखरखाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री शर्मा ने कहा कि खेती किसानी के समय को देखते हुए गौठानों से वर्मी खाद की बिक्री एवं उठाव में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने मौजूदा समय को पशुओं के चारा उत्पादन के लिए सबसे अनुकुल बताते हुए पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक को पर्याप्त मात्रा में पर्याप्त मात्रा में चारा उत्पादन के निर्देश भी दिए।

सभी पालक अपने बच्चों को भेजें स्कूल : वीरेन्द्र साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार 26 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद गुरूवार को विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम गदहाभाठा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर साहू ने शाला के नवप्रवेशी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर तथा उन्हें मिष्ठान खिलाकर उन्हे शाला में प्रवेशी दिलाया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान श्री साहू ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक तथा गणवेश भी वितरण किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों तथा उनके पालकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। सभी पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजें और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर शिक्षित बनाएं। उन्होने शिक्षकों से भी बच्चों को अच्छी और नियमित शिक्षा देने कहा। इस अवसर सुशील साहू, ललित साहू, हुलास साहू, दीपचंद साहू, नरसिंह साहू, रामकुमार केशरिया, भरत साहू, हीराम राम साहू, हीरालाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षकगण तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

शोएब कॉजी तत्काल प्रभाव से निलंबित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के अपर सचिव राकेश साहू ने कबीरधाम जिले में पदस्थ श्रम पदाधिकारी शोएब कॉजी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित किया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि शोएब कॉजी, श्रम पदाधिकारी, कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कबीरधाम के संबंध में कार्यालय कलेक्टर जिला कबीरधाम से प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार 'ठेकेदारों को प्रतिभूति राशि वापस नहीं करने, लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किए जाने एवं शासन की योजनाओं में अनुचित तरीके से लेन-देन किए जाने हेतु' संबंधित अधिकारी को दोषी पाया गया। आदेश में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-(तीन) का उल्लंघन करने के फ्लस्वरूप शोएब काँजी, श्रम पदाधिकारी को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित किया है। शोएब काँजी, श्रम पदाधिकारी के निलंबन फलस्वरूप इनका मुख्यालय श्रमायुक्त कार्यालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में अपचारी अधिकारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

निनवा स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला निनवा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बुधवार 28 जून को मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं मुंह मीठा कराया गया। साथ ही बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण भी किया गया। शिक्षक खेलावन मिरचण्डे द्वारा बच्चों को प्रतिदिन शाला नियमित बच्चों को भेजने के लिए पालकों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्रधान पाठिका सरिता मानिकपुरी, शिक्षिका प्रतिभा सिन्हा, कामिनी मंडावी, पुष्पक कन्नौजे, नारायण कश्यप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंचराम मिर्झा, संतराम, खम्मन, सुंदरलाल संजय वर्मा सहित सभी पालकगण उपस्थित थे।

लखमा ने की भोरमदेव मंदिर में भगवान शंकर की पूजा-अर्चना

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने आज भोरमदेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की और भगवान शिव में जल अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, होरी साहू, पीतांबर वर्मा, अशोक सिंह, गोपाल चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

नौ साल मोदी के बेमिसाल : भाटिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल पुर्ण होने पर केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के मार्ग निर्देशन में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश पर जगजीत सिंह भाटिया पूर्व मंत्री प्रदेश भाजयुमो ने वनांचल के ग्राम बड़े मासुल में पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमजनों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष में किये गये व चल रहे विकास कार्यो को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए बताया, इसमें प्रमुख रुप से रोजगार गारंटी योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत गाँवों में बन रहे पानी टंकी निर्माण, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में बैठे कांग्रेस सरकार सिर्फ लोगों को गुमराह कर रही है। 2500 रूपये धान खरीदी के नाम पर सिर्फ राज्य सरकार 400 से 300 रुपए महज 4 किश्तों देकर आमजनों एवं किसानों के साथ धोखा किया है। इस अवसर पर मुख्य रुप से संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा, कांता प्रसाद साहू, रामपाल साहू, प्रभू राम कोमरे सरपंच, भेखू राम पाल, कीर्तन निषाद, कल्याण कतलाम, इंदल साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा, चैतराम, कमलेश, मंगलू, कनस, अमोल, जोहान, आनंद, रामा, चंदल, राजकुमार सहित ग्रामीण जन और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालय योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित जिले एवं आदिवासी क्षेत्र योजना में स्थित शासकीय, अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियां को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियां को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है। इन प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष काफी मात्रा में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते है।

संयुक्त कलेक्टर एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 09 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 121 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटो पर प्रवेश एक प्राक्कयन परीक्षा लेटरल एन्ट्री के माध्यम से होगा। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र कक्षा 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि 27 जून, ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 06 जुलाई 2023 (रात्रि 12.00 बजे तक), ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 07, 08, 09 जुलाई 2023 (रात्रि 12.00 बजे तक), प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा की तिथि 16 जुलाई 2023 रविवार (प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक) है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीयव वेबसाइट एवं कार्यालय के सूचना पटल पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

भाजपाइयों ने केन्द्र की उपलब्धियों को बताया

खरोरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर घर घर चलो अभियान के तहत ग्राम बुड़ेरा एवं इल्दा में ग्राम वासियों से मुलाकात कर उन्हें मोदी जी के उपलब्धियों को बताया साथ ही राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच रखा गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंजय शुक्ला प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, खिलावन बबलू शर्मा प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा, नरेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मंडल खरोरा, अर्निबान दास मंडल विस्तारक, दुलेश साहू महामंत्री,राजा साहू,ईश्वरी साहू सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कुसुमकसा का उप स्वास्थ केंद्र जल मग्न

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। कुसुमकसा नेशनल हाइवे सड़क में निर्माणधीन पुलिया बनाने से मिट्टी खोदकर वहीं आसपास छोड़ दिया गया है। पुलिया के समीप ना किसी भी प्रकार की कोई दीवार नहीं होने से पुलिया के आसपास लगभग 10 फीट पानी भरा हुआ है। सड़क के से लगे कुसुमकसा का उप स्वास्थ केंद्र जहां पानी का बहाव नहीं होने से लगभग 5 फीट पानी भरा हुआ है। जबकि इस उप स्वास्थ केंद्र में रोजाना कई मरीज पहुंचते है कुसुमकसा का एक मात्र जच्चा बच्चा जांच केंद्र है गर्भवती महिलाओं की भी नियमित जांच यहीं होती है और प्रसव भी यही कराया जाता है।

विधानसभा स्तरीय कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर राजहरा में

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सिटीजन क्लब राजहरा में सम्पन्न हुआ। जहां डौंडी लोहारा विधानसभा के तीनों ब्लॉक के जिला,प्रदेश पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, जिला पंचायत ,जनपद सदस्य, पार्षद, एल्डरमैन, मंडी अध्यक्ष एवं सदस्य, निगम,मंडल,बोर्ड के सदस्य, वरिष्ठ नेता शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री अनिला भेंडिया व जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजगीत व राष्ट्रीय गीत से प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। केबिनेट मंत्री अनिला भेंडिया ने 2023 के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया तथा कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार चुनाव होंगे। विधानसभा चुनाव,लोकसभा चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव होंगे इसलिए यह प्रशिक्षण शिविर लाभदायक होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स योगेश चंद्राकार, शादाब खान, सलीम सिंह चौहान, अरुण साहू, होरी लाल साहू ने बूथ प्रबंधन, कांग्रेस का इतिहास, सोशल मीडिया, सरकार की योजनाओं के बारे में शिविर में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, प्रदेश प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव रूखसाना बेगम, छबीला सिन्हा, मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, कोमेश कोर्राम, गोपाल प्रजापति, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस संगीता नायर, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, जनपद अध्यक्ष बसंती दुग्गा, जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे, पुनीत सेन, मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, सी मेघनाथ साहू, हस्तीमल सांखला, संजय गुप्ता, विकास भेंडिया, सेक्टर अध्यक्ष युवराज साहू, प्रमोद तिवारी, के ईश्वर राव, काशीराम निषाद, रवि जायसवाल, रोशन पटेल, कैलाश राजपूत, अतीक अहमद कुरैशी, कौशलेंद्र चंद्राकर, दिलीप बघेल, पार्षद स्वप्निल तिवारी, बृजमोहन सिंह नेताम, विजय लक्ष्मी, श्रुति यादव, जनक निषाद, चंदू सिंहा, सूरज विभार, शीला भारद्वाज, ममता जैन, एल्डरमैन अप्पू महेंद्रन, जी. ईश्वर राव, ममता पांडेय,जगदीश श्रीवास, अश्वनी जायसवाल, संजय गुप्ता, युवक कांग्रेस जिला संयोजक आईटी सेल विकास मित्तल, विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस भरत देवांगन, रामू शर्मा, जितेन्द्र मेश्राम, रूबी एंथोनी, सुदामा शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

बंगोली में प्रवेशोत्सव मनाया गया

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बंगोली में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव नया शिक्षण सत्र विकासखंड के शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन की गौरवमई उपस्थिति में मनाया गया, देवांगन एवं शाला प्रबंध विकास समिति के अध्यक्ष कमल बांधे द्वारा सारगर्भित संदेश देते हुए शासन के निर्देशानुसार साला नव प्रवेश ई छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर युवा मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया, हायर सेकेंडरी स्कूल बंगोली का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है और यहां का प्राचार्य विजय कुमार ध्रुव एवं तोक सीह,वर्मा वरिष्ठ व्याख्याता का ब्लॉक तिल्दा में कलेक्टर जिला शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बेहतर परिणाम के लिए सम्मान मिला है श्री कमल बांधे ने अपने उद्बोधन संदेश में सभी छात्र छात्राओं को शाला प्रवेश उत्सव के पावन अवसर में पावन बेला में उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं गाड़ा गाड़ा बधाई दिए आप सभी छात्र छात्राएं कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान बढ़ाते हुए विद्यालय में अनुशासित रहकर विद्या अध्ययन कर अपने घर परिवार समाज गांव प्रदेश देश का नाम रोशन करें डॉक्टर शिक्षा के इंजीनियर आईएएस आईपीएस कलेक्टर आदि बनकर देश प्रदेश के विकास में देश प्रदेश के विकास में अपना योगदान देवें यही शुभकामना है इस शुभ अवसर पर धनेश निषाद जनपद सदस्य रवि वर्मा सरपंच कुर्ला सरपंच बंगोली, राकेश वर्मा प्रियंकर सेन विसावा, राम साहू संतु राम टूटे, मोनिकाचक्रधारी, अन्नपूर्णा कंट्रा, पोषण लाल वर्मा, रामविलास निषाद, बुधिया रीना निषाद जितेंद्र कोसरिया प्रधान पाठक सूर्यकांत ठाकुर संकुल समन्वयक सविता चंद्राकर प्रधान वाटिका सुरेंद्र नायक प्रधान पाठक, आदि थे संस्था प्रमुख विजय कुमार ध्रुव द्वारा आभार प्रकट किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रंजना वर्मा द्वारा किया गया।

चलित थाना का आयोजन,सद्भाव कायम रखें

- ग्रामवासियों को ठगी, यातायात नियमों व अपराधों से बचने के दिए सुझाव
- 'अभिव्यक्ति' ऐप एवं 'हमर बेटी हमर मान' के तहत किया जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज (IGP) डॉ. आनंद छाबडा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के द्वारा पुलिस अनुविभाग साजा थाना साजा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरनपुर में 28 जून को चलित थाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने ग्रामवासियों को कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारा बेमेतरा जिलें की गौरवशाली परम्परा रही हैं, हमें इसे आगे भी कायम रखना हैं, जिस पर सभी लोगों ने अपनी सहमति दी। अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप एवं हमर बेटी हमर मान के तहत सेल्फडिफेंस, महिलाओं पर हो रहें अपराध, मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध, उनके रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहें लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। बेटी बचाव, बेटी पढाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई तथा यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। आजकल तेजी से हो रहे एटीएम फ्रॉड से बचने की सख्त जरूरत हैं, साथ ही कहा कि राशि दुगनी करने के नाम पर गांव में घूम रहें बिचौलियों से भी बचने की बहुत जरूरत हैं। अपनी जीवन की जमा पूंजी को ऐसे अपराधियों के पास जाने से बचाने के लिए आपको भी जागरूक होना पड़ेगा। किसी भी तरह की संदेह होने पर तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें। साथ ही कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए ही हैं और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे, आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता हैं। चलित थाना लगाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनता के द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण करना हैं। साथ ही एसपी बेमेतरा ने कहा कि सामाजिक सौहार्द्र बिगाडने वालों पर सक्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बिरनपुर में हुई घटना के संबंध में जो अपराध पंजीबद्ध हुए उनमें पुलिस के द्वारा विवेचना की जा रही हैं। जिन असामाजिक तत्वों की इसमें संलिप्तता पाई जायेगी, उन पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर में लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया तथा सहायता केन्द्र प्रभारी को सीसीटीवी के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी करने निर्देशित किया गया।

अज्ञात महिला-बुजुर्ग का बजरंग दल ने किया पुलिस की मदद से अंतिम संस्कार

- सोमनी थाना के साथ किया संयुक्त प्रयास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हादसे ने अपने प्राण गंवाने वाली महिला जिसके लिए कई दिनों के इंतजार के बाद परिजनों का संपर्क नहीं मिला, उनके अंतिम संस्कार हेतु राजनांदगांव बजरंग दल आगे आए। वहीं एक ठाकुरटोला के बुजुर्ग जो कई वर्षो से एक मकान पर रह रहे थे, उनके पास न परिवार था न रिश्तेदार मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार का कार्य अपूर्ण था, जिसके लिए सोमनी पुलिस विभाग के राणा प्रसन्न गजभिए, पुलिस विभाग स्टाफ के साथ बजरंग दल के नगर संयोजक प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, नगर अखाड़ा प्रमुख भावेश निर्मलकर, बजरंगी प्रणय मुल्लेवार, हेमंत साहू की उपस्थिति में गठुला के मुक्तिधाम में उक्त दोनों शरीरों का अंतिम संस्कार कार्यक्रम पूर्ण किया गया एवं मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कि गई। इस संदर्भ में नगर अखाड़ा प्रमुख भावेश निर्मलकर ने बताया कि बजरंग दल अपने सनातन धर्म और समाज के की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है, संगठन हमें सेवा सुरक्षा और संस्कार की शिक्षा देती है। चाहे हमारे देव स्थान हो, गौ माता सेवा कार्य, आपदा प्रबंधन, विधर्मी यो से रक्षा का कार्य बजरंग दल पूरी शक्ति से करता आ रहा है। सोमनी थाना क्षेत्र में हुए परिजन अभाव के केस की जानकारी मिलते ही संगठन ने यथासंभव अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से पूर्ण किया है।

उदासीनता की भेंट चढ़ गया हमर सरोवर योजना

- नाली के गंदा पानी रोकने नहीं की कोई कार्यवाही
- कीड़े युक्त पानी बहकर अडबंधा तालाब

भटगांव/नवप्रदेश। नगर में 23 जून को जिला कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के आदेश अनुसार हमर सरोवर अमर धरोहर के तहत पूरे जिले में तालाब घाट की साफ-सफाई का कार्यक्रम चला जिसमें बढ़-चढ़कर पूरे जिले भर में यह कार्यक्रम चला नगर पंचायत में भी नगर के बड़े तालाब के घाट के पास की साफ-सफाई मुख्य नगरपालिका अधिकारी व जनप्रतिनिधि मिलकर किए और लोगों की यह संदेश दिया की तालाब को स्वच्छ बनाने रखें तालाब के पानी से पूजा-पाठ स्नान का कार्य किया जाता है वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसका पानी जिस तालाब का साफ सफाई कर हमर सरोवर हमर धरोहर का संदेश दिया जा रहा है उसी तालाब में नाली का पानी को गिराया जा रहा है यह कैसा यह कैसी संदेश है जो स्वच्छता की बात करता है वहीं दूसरी तरफ नाली की गंदा पानी तालाबों में पहुंचाया जा रहा है यही नहीं चंदलीडीह बांध से नाहर से होते हुए नहर से अडबंधा तालाब में पानी भरा जाता है जिसे किसान सिंचाई तथा नगर वासियों की निस्तारित का काम किया जाता है इस बांध से बरसात के दिनों में कई तालाब को भरा जाता है।इस बांध से आने वाले पानी से तालाब को जोड़ने वाले नहर में कई घरों से निकलने वाले नाली का गंदा पानी इसी नहर में जोड़ा गया है जिस पर न जल संसाधन विभाग ना नगर पंचायत द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई जहां नाली का सड़ा गड़ा गंदा कीड़े युक्त पानी बहकर अडबंधा तालाब में जाता है और इसी से बडे तालाब दोनों तालाब प्रदूषित हो रहा है तो उसे देखकर लोगों में समस्या बनी होती है इसी तरह अडबंधा के पानी सभी तालाबों को भरा जाता है खरबंदा तालाब से निकलने वाली पानी डबरी से होकर तालाब पर जाता है जहां डबरी का सड़ा गला गंदगी बदबूदार पानी बड़े तालाब में पहुंचता है तो यहां की सारी गंदगी बड़े तालाब मैं नजर आता है और इस तालाब में भी नगर पंचायत द्वारा नाली का गंदा पानी जा रहा ऐसे में हमारे सरोवर हमारे धरोहर की कल्पना करना सत्य साबित नहीं हो सकता अगर तालाब को स्वच्छ बनाना है तो नाहर से जुड़ा नाली व नगर पंचायत द्वारा बनाए गए नालियां जिसका पानी तालाबों में जाकर मिल रहा है उसे बंद करने से मेरा सरोवर मेरा धरोहर की कल्पना साकार हो सकता है और तालाबों को स्वच्छ रखने की मनसा पूर्ण हो सकता है।

जगदीश भटगाव ने बताया कि डबरी में नगर पंचायत के कचड़ा गाडी द्वारा कचड़ा को डाला जा रहा है जिसमें का झिल्ली गंदगी उड़कर हवा में घर के तरफ आ रहा नहर में घरो से निकलने वाली गंदा पानी नाली का सड़ा गड़ा गंदा कीड़े युक्त बरसात के दिनों में बह कर आम निस्सारी के तालाब में पहुँच रहा जिससे तालाब के घाट में किताणु दिख जायेगी जो नहाने वालो पर प्रभावित कर सकता है तालाब में नाली के गंदा पानी पर रोक लगना चाहिये। जिला अध्यक्ष गगन वैष्णवशिव सेना संगठन ने बताया की नहर की सफाई तथा बड़े तालाब में जाने वाले गंदगी कीटाणु युक्त पानी को रोकने के लिए और तालाब और बड़े तालाब को जोड़ने वाले पुल निर्माण के लिए नगर पंचायत में आवेदन दिए 3 महीने से अधिक समय हो गया लेकिन नगर पंचायत जनहित में कोई भी कार्य नहीं किया जाता नहीं ध्यान दिया जाता है नगर पंचायत स्वार्थ हित में कार्य करने में लगा है। जल संसाधन विभाग भटगांव-प्रभारी एसडीओ मिश्रा ने बताया की नहर साफसफाई के लिए पैसा नहीं है।

वार्ड 6 में कांग्रेस की जीत

- कलेक्टर ने सौंपा विजयी प्रमाण पत्र

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा नगरीय निकाय के वार्ड क्रमांक 6, चंद्रशेखर आजाद वार्ड में रिक्त एक पार्षद पद के लिए हुए उप निर्वाचन में उम्मीदवार धरम वर्मा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मण सिंह यादव को 6 वोट से हराया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा ने विजयी प्रत्याशी धरम वर्मा को प्रमाण पत्र सौंपा। मतगणना शुक्रवार 30 जून को कलेक्टोरेट के दृष्टि-सभाकक्ष में प्रातः 9 बजे से की गई। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा से मिली जानकारी अनुसार उप चुनाव में कुल 1197 मतदाताओं अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें धरम वर्मा को 554 और लक्ष्मण सिंह यादव को 548 मत मिले, वहीं निर्दलीय उम्मीदवार रमेन्द्र कुमार वर्मा को 38 मत मिले। मतदाताओं ने नोटा में 3 मत डाले और 54 मत अमान्य पाए गए। उम्मीदवार धरम वर्मा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मण सिंह यादव को 6 वोट से हराया।

डिप्टी सीएम बनाकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश : झा

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने पार्टी कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान संजीव झा ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को आनन-फानन में उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं 60 दिन का उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर टीएस सिंहदेव को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। लेकिन आनन-फानन में उप मुख्यमंत्री बनाना कई तरह के सवाल खड़े करता है। क्या कांग्रेस कोई डैमेज कंट्रोल कर रही है? क्या अब कांग्रेस मान रही है कि भूपेश बघेल पर छत्तीसगढ़ की जनता को भरोसा नहीं है? क्या ये कांग्रेस मान रही है कि बीते साढ़े चार साल में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार हुआ है? संजीव झा ने कहा, छत्तीसगढ़ से जो वादा किया गया, वह पूरा नहीं किया गया, और ऐसे में जब चुनाव का समय है, जब भूपेश बघेल पर जनता का भरोसा खत्म हो रहा है, तो अब टीएस सिंहदेव को आगे किया जा रहा है। क्योंकि कई बार 'राजा साहब' खुले मंच पर कह चुके हैं कि हमारी सुनी नहीं जा रही है। सीएम भूपेश बघेल पहले आधा समय अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहे और अब डैमेज कंट्रोल करने के लिए राजा साहब को आगे किया जा रहा है। पहले भी कई बार दोनों के बीच अनबन की बातें सामने आई हैं, दो असहमत व्यक्तियों को कांग्रेस साथ मिलाकर क्या करना चाहती है। कहीं इसका हर्जाना जनता को तो नहीं भरना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादा किया गया था आधे से ज्यादा वादा घोषणा पत्र में है और जो वादा पूरा किया गया वह आधा-अधूरा पूरा किया गया। हसदेव जंगल को लेकर कांग्रेस अपना स्टैंड क्लियर करे, प्रदेश की जनता से माफी मांगे। क्या अब टीएस सिंहदेव डिप्टी सीएम बनने के बाद अपना वादा निभाएंगे। क्या जंगल कटना रुकेगा। कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस में कई तरह के गुट हैं। कई वरिष्ठ मंत्री नाराज हैं। तो क्या उप मुख्यमंत्री झुनझुना से नेताओं की नाराजगी खत्म हो सकती है तो सभी को डिप्टी सीएम बना देना चाहिए। कांग्रेस आज युद्ध का अखाड़ा-कुरुक्षेत्र बन गया है। प्रदेश प्रभारी और पीसीसी चीफके बीच तालमेल ठीक नहीं है। संजीव झा ने कहा, अब टीएस सिंहदेव और भूपेश बघेल अपने एजेंडा पर काम करेंगे। कांग्रेस के लीडरशिप और संगठन में भी कन्फ्यूजन का माहौल है। आज प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सभी वादे पूरा किए जाएंगे।

पिछले साढ़े चार सालों में प्रदेश की जनता को लूटा गया उसकी भरपाई कैसे होगी। कांग्रेस यह भी नहीं तय कर पा रही है कि चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा किसे बनाया जाएगा। किससे के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जमीन खिसक गई है। इनके नेता कहते हैं 'भूपेश है तो भरोसा है और जनता कह रही है कि भूपेश है तो धोखा है, भूपेश है तो भ्रष्टाचार है।' झा ने कहा, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व तय नहीं कर पा रही है कि किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने जनता से यह वादे पूरे नहीं किए हैं. इसलिए हार का डर सता रहा है।

चौपाटी फेस टू के लिए 1 करोड़ स्वीकृत

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगरीय निकाय एवं प्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा तथा नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की मांग पर नगर पालिका परिषद के बेमेतरा में चौपाटी फेस टू के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए एवं बेमेतरा नगर में बनने वाले विभिन्न भवनों के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृत किए हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने नगरीय निकाय मंत्री द्वारा बेमेतरा नगर पालिका परिषद के लिए राशि स्वीकृत किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया हैं। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के विकास में कहीं कोई कमी नहीं रहेगी। नगर पालिका परिषद बेमेतरा नगर की सेवा में जुटी हुई हैं, पूर्व में बनाए गए चौपाटी फेस वन का विस्तार कर चौपाटी फेस टू का निर्माण किया जाना हैं, जिससे बेमेतरा की आम जनता को सुकून के साथ अपने परिवार जनों को मनोरंजन तथा हल्के नाश्ते के लिए एक सुसज्जित चौपाटी मिल सकी हैं, जिसका बेमेतरा की जनता से अच्छा प्रतिसाद मिला हैं। जिसे देखते हुए आम जनता की मांग पर मंत्री से चौपाटी फेस टू के लिए राशि की मांग की गई, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए बेमेतरा नगर पालिका परिषद के लिए 1 करोड़ रुपए स्वीकृत किया हैं। साथ ही बेमेतरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सिंघौरी तालाब के सौदरीकरण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। जिससे बेमेतरा शहर के एक और स्थल में सौदरीकरण किया जा सकेगा। नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मंगल साहू सहित मनोज शर्मा सभापति, आशीष राम ठाकुर सभापति, रश्मी मिश्रा सभापति, अखिलेश नामदेव सभापति, रेहाना रवानी सभापति, राजू साहू पार्षद, रानी सेन पार्षद, जया साहू पार्षद, धरम वर्मा पार्षद सहित रावेन्द्र देवांगन एल्ड्रमैन, प्रशांत तिवारी एल्डरमैन, शंकर चौहान एल्डरमैन, जनता साहू एल्डरमैन, चंदू शीतलानी एल्डरमैन उपस्थित रहें।

झाल सोसायटी में पुस्तक वितरण

नवागढ़/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति झाल में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष गौकरण साहू के द्वारा किसानों को राज्य शासन की योजनाओं का का पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच शंकर साहू, उत्तर दास पाटले, कलम बघेल, घनश्याम साहू, महेश साहू, रामचंद्र साहू, मुन्ना यादव, तिलकराम मनहरण साहू, घुरव साहू सहित बकिसान मौजूद रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार अंडा सर्कल दुर्ग (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

आन लाईन नंबर -202306101200014

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एच.सी. जैन (एच.यू.एफ) कर्ता मनीत जैन पिता स्व. हेमचंद जैन निवासी 58 ओल्ड नेहरू नगर भिलाई तह व जिला दुर्ग द्वारा मौजा कोनारी, प.ह.न. 35 तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खनः 17, 18, 19, 20, 168, 170/6 19244 245, 286 कुल रकबा 63300 है भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज है। आवेदक के भूमि के आस-पास मौजा कोनारी, पहन 35 तह व जिला दुर्ग में स्थित शासकीय भूमि स्थित है जिसका ख.न. 16 रकबा 0.0300 है है जो राजस्व अभिलेखों में शासकीय भूमि दर्ज है। उपरोक्त शासकीय भूमि शासन के लिये अनुपयोगी है जिसे आवेदक अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है तथा बदले में उक्त शासकीय भूमि के रकबे के बारबर उसी हल्के में दुसरी भूमि शासन के पक्ष में पंजीयन करवाकर तबादला करना चाहता है। उक्त शासकीय भूमि को आज दिनांक तक किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था के द्वारा मांग नहीं किया गया है और न ही वर्तमान मे उक्त भूमि पर शासन की कोई योजना लागू और न ही भविष्य में लागू होने की संभावना है। अतः शासकीय भूमि को तबादला कराने हेतु आवेदन कार्यालय कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया था जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11/07/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/06/ 2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 02 (छ.ग.)

ममला कमांक अ-21/2022-23

// उद्घोषणा-पत्र //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दुर्ग के माध्यम से क्रमांक- 1967 दुर्ग दिनांक 06-06-2023 को अनुसार आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त है। आवेदक नरेश कुमार पिता स्व0 उदे राम जाति गोड निवासी- 55 / सी रिसाली सेक्टर भिलाई तह व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया है कि जा ग्राम बोरई पहन0- 01 तह0 व जिला दुर्ग में भूमि ख0न0- 2050 रकबा 0.38 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में नरेश कुमार पिता स्व0 उदेराम के नाम पर दर्ज है। जिस भूमि को कैता डॉट कौशलेन्द्र ठाकुर आठ स्व0 डॉ0 वी0डी0 झा निवासी एल.आई.जी. 291 पद्मनाभपुर दुर्ग के पास आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासी विकय अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 07-07-2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति / आपेक्ष पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय आज दिनांक 22/06/2023 को के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./ 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदक/ आवेदिका लल्लू राम पिता स्व दीना राम निवासी ग्राम बजरंग चौक पुलगांव तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/2 एवं 94/2 रकबा 0.695हें एवं 0.011 हे भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के मीना बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 14/7/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक. 27/06/23 को यह उदघोषणा गरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र..अ/74 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदिका श्रीमती रश्मि देवी पति भरत कुमार निवासी ग्राम नेहरू नगर भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 203/24,203/25 हें भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति,बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उज़र या दावा हो तो वह नियत पेथी दिनांक 2.3 तक स्वयं अथवा अपने उजस या दावा होतो नियत पेशी दिनांक **18/07/2023** तक स्वयं अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही. किया जावेगा । आज दिनांक **28/06/2023** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. - 00052 उतई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सी-जी5106424042023018

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उतई के वर्तमान भूमिस्वामी ब.मु. आम. मीना सोलंकी पिता/पति स्व. ज्योति कुमार पता वार्ड नं.-3 मीलपारा उतई तहसील व जिला दुर्ग बह.मु. आम. रुचि पिता/पति स्व. ज्योति कुमार पता- प्लाट नं.-51 ईफको कालोनी के पीछे सपना नगर गांधीधाम एन.यू.-4 कच्छ गुजरात सीमा साहू पिता/पति गेंद राम साहू पता-ब्लाक 53 प्लाट नं.-08 वार्ड नं.-03 राधिका नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग, हितेश कुमार सोलंकी पिता/पति स्व. ज्योति कुमार पता- वार्ड नं.-3 मिलपारा उतई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग, हितेश कुमार सोलंकी पिता/पति स्व. ज्योति सोलंकी पता वार्ड नं.-3 मिलपारा उतई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 917(0.0680), 918 (0.2160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/06/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग । पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित 80/112 एलआईजी योजना के अंतर्गत भवनों/भूखंडों में भवन/भूखंड क्र. एलआईजी-1/380 सेक्टर-02 श्री सुसान्ता कुमार प्रधान पिता श्री भुवनेश्वर प्रधान को भाड़ाक्रय/स्ववित्तीय/ एकमुश्त/ आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 31.05.2022 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन को विक्रय करने हेतु दिनांक 23.06.2023 को निष्पादित इकरारनामा की छाया प्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन/भूखंड श्री दुशमन्त सुनानी पिता श्री सदानन सुनानी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर, रायपुर

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

NIGHT NO: 413 RAIPUR — DATED: 28/06/2023

Online bids are invited for the following works up to 17/07/2023 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract
1	140004	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने हेतु 13 वाहन चालक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य।	2370576

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 29/06/2023 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE : -

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER (ZONE NO. 06) MUNICIPAL CORPORATION

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. - 00052 उतई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106227062023022

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उतई के वर्तमान भूमिस्वामी पंचबाई पिता/पति स्व. मदन लाल पता- ग्राम-मुंडरा तह-गुंडरदेही जिला बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1300/4 (0.0154) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता सुनीता चन्द्राकर पिता/पति गौकरण लाल चन्द्राकर पता वार्ड नं-15 बजरंग नगर उतई तह व् जिला-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/07/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जायेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग तहसील दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00055 कोकड़ी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106225042023049

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00055 के अंतर्गत ग्राम कौकड़ी के वर्तमान भूमिस्वामी ब.मु. आम यशवंत कुमार यादव पिता/पति राजकुमार यादव पता 442 मार्केट लाईन कोसा नगर वार्ड नं. 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग, बहे. मु. आम योगेश कुमार ढोके पिता/पति-चरण लाल ढोके पता-238/डी रिसाली सेक्टर वार्ड नं.59 भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग विनोद पिता/पति रामदास निमजे पता-क्वा नं. 29/9 नेहरू नगर सियान सदन मार्ग भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 80/1(0.0104) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अमन जोशी पिता/पति सुरेश जोशी पता- सतनामी भवन बोरसी वार्ड क्र.51 दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/05/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/04/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग, तहसील दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क. 202302300600075 / वर्ष 2022 2023 विषय- अ-19(4) (कृषि योग्य भूमि से सम्बन्धी अन्य मामले) श्रीमति बतीबाई मेश्राम पति स्व. रतनसिंह मेश्राम निवासी अ.चौकी जिला- मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति बतीबाई मेश्राम पति स्व0 रतनसिंह मेश्राम जाति महार साकिन अं.चौकी, तहसील अं. चौकी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी, (छ.ग.) द्वारा अं.चौकी स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 35 / 2 का टुकड़ा रकबा 2000 वर्गमीटर मकान बनाकर विगत 45 वर्षो से काबिज है। उक्त शासकीय भूमि के संबंध में व्यवस्थापन के समय प्रय्याजी का निर्धारण कर भूमि स्वामी अधिकार में प्राप्त करने हेतु सहमति बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतःउक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 03/07/2023 तक अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। सियमावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/6/2023 को जारी किया

सील — तहसीलदार, आ. चौकी

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क. 202302300600072 / वर्ष 2022 2023 विषय- अ-19(4) (कृषि योग्य भूमि से सम्बन्धी अन्य मामले) श्रीमति बतीबाई मेश्राम पति स्व. रतनसिंह निवासी अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति बतीबाई मेश्राम पति स्व. रतनसिंह जाति महार साकिन अं.चौकी, तहसील अ. चौकी, जिला मोहला मानपुर अं.चौकी, (छ.ग.) द्वारा अं.चौकी स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 215 / 2 का दु.रकबा 0.295 / एवं 1,324 वर्गमीटर मकान बनाकर विगत 45 वर्षो से काबिज है। उक्त शासकीय भूमि के संबंध में व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी का निर्धारण कर भूमि स्वामी अधिकार में प्राप्त करने हेतु सहमति बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 03/07/2023 तक अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। सिमयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/6/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — तहसीलदार, आ. चौकी

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत कचना रायपुर में निर्मित 3बी.एच.के. (जी+6) फ्लैट करमांक-12 ब्लाक-बी (द्वितीय तल) को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3892 दिनांक 25.05.2009 के द्वारा श्री केशव प्रसाद तिवारी पिता श्री जगदीश प्रसाद तिवारी के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा समस्त राशि जमा कर फ्लैट की लीजडीड दिनांक 29.04.2010 को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4898 दिनांक 09.08.2012 फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री केशवप्रसाद तिवारी पिता श्री जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी डी-8 गोकुल अपार्टमेंट के सामने गायत्री नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता प्रगती तिवारी पति श्री सुमीत तिवारी निवासी बी-1403, तुलसी औरा, प्लाट नं. 20/21 डीमार्ट सेक्टर-08 धनसोली नवी मुम्बई थाने (महाराष्ट्र) 400701 को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त 3बी.एच.के. (जी+6) फ्लैट क्रमांक-12, ब्लाक-बी (द्वितीय तल) के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति को हो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग क्र.-3

डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

Email-ee3.raipur@nic.in — दूरभाष नं. 0771-29611029/30

निविदा संशोधन सूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3950/व.ले.लि./2023-24 रायपुर दिनांक 06.06.2023 (एन.आई.टी. नंबर 13 एवं 14) में निविदा संबंधी प्रक्रिया की निर्धारित तारीखों को परिवर्तन कर निम्नानुसार पढ़ा जावें। (G-02339)

विवरण	पूर्व में सूचित दिनांक	संशोधित दिनांक
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-	26.06.2023	26.06.2023
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-	26.06.2023	04.07.2023
निविदा खोलने की तिथि :-	27.06.2023	05.07.2023

इसके अतिरिक्त निविदा संबंधी अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

जी-02797/2

कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. संभाग क्र.03, रायपुर (छ.ग.)

ओपनिंग पर सत्यप्रेम ने आदिपुरुष को पछाड़ा

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये फिल्म ईद के मौके पर थिएटर में रिलीज हुई है। कार्तिक और कियारा की सत्यप्रेम की कथा को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। दर्शक फिल्म की काफी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म की कहानी काफी यूनिक है। दिखाया गया है कि सत्यप्रेम बने कार्तिक आर्यन अपनी कथा यानी कियारा आडवाणी को पाने के लिए कितने पापड़ बेलते हैं। वहीं अब सत्यप्रेम की कथा का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। बता दें कि सत्यप्रेम की कथा से पहले भी कार्तिक और कियारा की जोड़ी भुल भुलैया 2 में नजर आ चुकी है। जिसकी ओपनिंग डे की कमाई भी काफी शानदार रही थी। ऐसे में अब लोगों को इस जोड़ी की दूसरी फिल्म सत्यप्रेम की कथा की पहले दिन की कमाई जानने में काफी दिलचस्पी है। फिल्म क्रिटिक्स ने सत्यप्रेम की कथा को लेकर प्रीडिक्ट किया था कि ये फिल्म पहले दिन 9 करोड़ तक का कारोबार कर सकती है। हालांकि इस फिल्म ने भुल भुलैया 2 जितनी ओपनिंग कमाई नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्यप्रेम की कथा ने पहले दिन ही सिनेमाघरों में अपना कमाल दिखाने की पूरी कोशिश की है।फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर लगभग 9 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने गुरुवार को डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 8.5 से 9 करोड़ के बीच का नेट बिजनेस किया है। कार्तिक और कियारा की फिल्म के रिलीज होते ही आदिपुरुष की कमाई और भी ज्यादा गिर गई है। सत्यप्रेम की कथा फिल्म की कहानी सत्यप्रेम अग्रवाल और कथा कपाड़िया के प्यार और ड्रामे के इर्द-गिर्द घूमती है। कार्तिक और कियारा के अलावा इस फिल्म में कई कलाकार मौजूद हैं। कार्तिक और कियारा ने अपनी फिल्म के प्रमोशन में भी कोई कमी नहीं छोड़ी थी।

'द कपिल शर्मा शो' में रीना रॉय ने बताया कैसे वो राजेश खन्ना की फिल्में देखने के लिए छोड़ दिया करती थीं अपनी क्लासेस

मुंबई । इस रविवार हंसी के हंगामे के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का 'द कपिल शर्मा शो' अपने दर्शकों के लिए मज़ेदार गैग्स और बॉलीवुड की मसालेदार गपशप के साथ एक रोमांचक एपिसोड लेकर आ रहा है। इस शाम को यादगार बनाएंगी दो अप्रतिम सुंदरियां - मौसमी चटर्जी और रीना रॉय जो बॉलीवुड के सुनहरे दौर की कुछ दिलचस्प कहानियां साझा करेंगी।

होस्ट कपिल शर्मा के साथ एक मजेदार चर्चा के दौरान रीना रॉय बताएंगी कि कैसे उन्होंने अपने क्रश राजेश खन्ना के साथ काम किया। यह सदाबहार अभिनेत्री बताती हैं, बचपन में मैं राजेश खन्ना की फिल्में बहुत पसंद करती थी और मेरे लगाव की इंतेहा यह थी कि इसके चलते मैंने कुछ नासमझी वाले कदम भी उठाए। मैं स्कूल जाने के बजाय उनकी एक झलक पाने की आस में अपने दोस्तों के साथ उनके घर के बाहर खड़ी रहती थी। उनसे मेरा लगाव इस कदर बढ़ गया कि मैं अपनी बहन के पिग्गी बैंक के साथ-साथ अपनी खुद की पॉकेट मनी उनकी फिल्में देखने में लगा देती थी। लेकिन किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था और आखिर मैं फिल्म इंडस्ट्री में आई और मुझे उनसे मिलने और उनके साथ काम करने का बेमिसाल अवसर मिला। हमारी गहरी से गहरी ख्वाहिशें पूरी करने का ज़िंदगी का अपना एक निराला अंदाज़ है।

लस्ट स्टोरीज 2 में नजर आईं ये फेमस अभिनेत्रियां

मोस्ट अवेटेड ओटीटी फिल्मों में से एक लस्ट स्टोरीज 2 रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म आज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। पिछले काफी समय से फिल्म को लेकर बज बना हुआ था। इस फिल्म के लीड स्टार तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने भी अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन किया। फिल्म की स्क्रीनिंग पर बॉलीवुड के कई सितारे लस्ट स्टोरीज 2 देखने पहुंचे थे। इतना ही नहीं फिल्म को लेकर इन सितारों ने अपना रिव्यू भी दिया।

जिसमें नेहा धूपिया, विद्या मालवड़े और कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल थे। लस्ट स्टोरीज के पहले पार्ट को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट ड्रामा फिल्म के लिए नॉमिनेशन भी मिला था। वहीं अब लस्ट स्टोरीज 2 में 4 अलग-अलग कहानियां नजर आ रही हैं। जिसमें बॉलीवुड के 6 फेमस अदाकारा ने अहम किरदार निभाया है।लस्ट स्टोरीज 2 में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आ रही हैं। साउथ फिल्मों के बाद अब तमन्ना ओटीटी पर धमाल मचा रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार तमन्ना ने फिल्म के लिए सबसे ज्यादा फीस ली है। तमन्ना इस फिल्म की चौथी कहानी का हिस्सा हैं, जिसमें उनके अपोजिट विजय वर्मा रहते हैं। दोनों की जोड़ी को पर्दे पर साथ देखना काफी दिलचस्प है।बॉलीवुड की सिमरन यानी की काजोल इन दिनों अपनी वेब सीरीज ट्रायल को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं लस्ट स्टोरीज 2 में भी काजोल अहम किरदार निभा रही हैं। काजोल इस फिल्म की दूसरी कहानी में हैं, जिसमें उनका किरदार अपने पति पर शक करता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तमन्ना के बाद काजोल ही हैं, जिन्होंने फिल्म के लिए सबसे ज्यादा फीस ली है।

बॉलीवुड की कम बजट वाली इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर की करोड़ों की कमाई

आजकल दर्शक अच्छी फिल्मों की कहानी तलाश रहे हैं। ऐसी फिल्में जो कुछ अलग और नयापन लेकर आती हैं। एक्टर के दमदार किरदार के साथ बेहतर स्टोरी ही दर्शकों को सिनेमा हॉल तक लाने का काम करती हैं। फिर चाहे फिल्में कम बजट वाली ही क्यों ना हो। हाल ही में कार्तिक आर्यन और कियारा की फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज हुई है। ये फिल्म कम बजट में बनी थी और अभी तक सिनेमाघरों में टिकी हुई है। ऐसी ही एक फिल्म जरा हटके जरा बचके आई थी जो 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। वहीं रिलीज हुई हाई बजट की फिल्म आदिपुरुष अपना बजट भी पूरा नहीं कर पा रही है। आइए आपको उन छोटे बजट की फिल्मों के बारे में बताते हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खूब राज किया है।श्रीराम राघवन की फिल्म अंधाधुन एक शानदार और बढ़ी कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, तब्बू, और राधिका आप्टे ने अहम भूमिका निभाई थी। महज 32 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 456 करोड़ रुपए की कमाई की।

वेदांता एल्यूमिनियम ने विविधतापूर्ण कार्यबल के लिए दोहराई प्रतिबद्धता

नई दिल्ली । भारत में एल्यूमिनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने 'गौरव मास' उत्सव आयोजित किया। इस मौके पर कंपनी ने समावेशी एवं विविधतापूर्ण कार्यस्थल के विकास और उसकी मजबूती के प्रति कटिबद्धता जताई। कंपनी ने हाल ही में अपने लांजीगढ़, ओडिशा स्थित प्रचालन में दो ट्रांसजेंडर पेशेवरों की नियुक्ति की। इसके साथ ही कंपनी के सभी प्रचालनों में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की संख्या लगभग 30 हो गई है। इन प्रचालनों में झारसुगुड़ा, ओडिशा के मेगा एल्यूमिनियम स्मेल्टर, लांजीगढ़ के विश्वस्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी और छत्तीसगढ़ स्थित देष की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक एवं वेदांता एल्यूमिनियम की अनुषंगी कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। विविधतापूर्ण कार्यस्थल के विकास की दिशा में यह वेदांता एल्यूमिनियम की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे कंपनी देष और दुनिया की उन गिनी-चुनी विनिर्माण और भारी इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में शामिल हो गई है जिनके प्रमुख प्रचालन में एजीबीटीक्यूआईएप्लस नागरिक सिक्योरिटी, सामग्रियों के आवागमन और आतिथ्य सत्कार जैसे अनेक कार्यों में संलग्न हैं।

एजीबीटीक्यूआईएप्लस समुदाय के नागरिकों को समाज के हाशिए से अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्रों में लाने तथा उन्हें अर्धकुशल व्यक्ति से एक पेशेवर के रूप में विकसित होने में मदद करने में वेदांता एल्यूमिनियम के तीन स्तरीय तरीकों में शामिल हैंः

स्किल मैपिंग स्टडी के जरिए विनिर्माण उद्योग में काम करने के लिए आवश्यक न्यूनतम कौशल रखने वाले ट्रांसजेंडर लोगों की पहचान की जाती है।

गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए नवनियुक्त कर्मचारियों को अनेक जरूरी व्यावसायिक और व्यावहारिक योग्यताओं में दक्ष बनाया जाता है।

लैंगिक संवेदनशीलता के लिए कार्यबल हेतु सत्र संचालित किए जाते हैं ताकि कर्मचारियों के लिए एकरूपतापूर्ण एवं समावेशी माहौल निर्मित किया जा सके। कार्यषालाओं के जरिए कर्मचारियों को ट्रांसजेंडर नागरिकों से संबंधित सामाजिक व मनोवैज्ञानिक चुनौतियों, कार्यस्थल साझा करने के लिए आवष्यक नैतिक आचार संहिता और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण विकसित करने संबंधी विभिन्न आयामों से परिचित कराया जाता है।

विश्व कप खेलने पाकिस्तान नहीं आया भारत, तो इस टीम को होगा फायदा

आईसीसी मेंस विश्व कप 2023 का शेड्यूल जारी हो गया है। भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी। फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के शुरुआती और अंतिम मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएगा। इसी मैदान पर 15 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। हालांकि पाकिस्तानी टीम का टूर्नामेंट में भागीदारी पर फिलहाल संदेह है।दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच के लिए वेन्यू बदलने की मांग की थी। पीसीबी अनुरोध के खारिज होने से नाखुश है। वर्ल्ड कप शेड्यूल जारी होने के बाद पीसीबी का बयान सामने आया था। बोर्ड ने कहा कि उनकी टीम अहमदाबाद में मैच खेलेगी या नहीं और टूर्नामेंट में भाग लेगी या नहीं। इस पर बात नहीं हुई है। इस मामले में अंतिम फैसला सरकार द्वारा लिया जाएगा।अगर पाकिस्तान की टीम विश्व कप 2023 खेलने भारत नहीं आती है, तो इस स्थिति में क्या होगा। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के सूत्र ने इस बारे में बताया है। वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों में से तीसरी टॉप टीम जगह बना लेगी।विश्व कप क्वालीफायर का आयोजन जिम्बाब्वे में हो रहा है। श्रीलंका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड और ओमान ने सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यहां जो टीम तीसरे स्थान पर रहेगी उसे पाकिस्तान के नहीं आने पर वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिलेगा।

भारत के खिलाफ हार भी जीत होगी : शादाब

जब से विश्व कप 2023 शेड्यूल की घोषणा हुई है। तब से सभी की नजर भारत-पाकिस्तान मैच पर टिकी हुई हैं। यह महामुकाबला 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच के साथ होगी। पाकिस्तान भारत आने से आनाकानी कर रहा है। ऐसे में उसके आने पर संशय है। अगर पाकिस्तान टीम नहीं आती है तो क्वालीफायर मुकाबले की शीर्ष 3 को विश्व कप खेलने का मौका मिलेगा।

भारत से मैच पर पाकिस्तान के उपकप्तान शादाब खान का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के खिलाफ खेलने से एक खुशी मिलती है। इस मैच में दबाव अलग होता है। अब हमें वहां जाता है, तो पता है कि उनका घरेलू ग्राउंड होगा। हम वहां वर्ल्ड कप खेलने के लिए जा रहे हैं। इसलिए हमें टूर्नामेंट के बारे में सोचना चाहिए न कि भारत के खिलाफ मैच के बारे में। अगर हम भारत के खिलाफ जीत जाते हैं और वर्ल्ड कप हारते हैं, तो इसका फायदा नहीं है।शादाब खान ने कहा, %भले ही हम भारत के खिलाफ हार जाएं, लेकिन वर्ल्ड कप जीत जाते हैं तो यह सबसे बड़ी जीत होगी। यह हमारा मुख्य उद्देश्य है। बता दें पाकिस्तान टीम 7 साल बाद भारत आएगी। पिछली बार टीम 2016 में टी20 विश्व कप के दौरान आई थी। तब मैच धर्मशाला में खेला जाने वाला था, लेकिन सुरक्षा कारणों से कोलकाता शिफ्ट कर दिया गया था।

छत्तीसगढ़ ने पूरे समय मैच में अपना दबदबा बनाये रखा, 9 गोल दागे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हॉकी इंडिया द्वारा 27 जून से 07 जुलाई 2023 तक राउरकेला में आयोजित कि जा रही 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में आज छत्तीसगढ़ ने अपना दूसरा मैच दादर नगर हवेली के साथ खेला जिसमें दादर नगर हवेली को 22-1 से हराया ।छत्तीसगढ हॉकी के खिलाड़ियों ने पहले मैच के भांति अपने दूसरे मैच में भी शुरूवात से आक्रामक पारी खेलते अपने अच्छे खेल का परिचय देते हुए मैच के चौथे ही मिनट में टीम की अनिशा साहू ने गोल करते हुए 1 गोल से बढ़त बना ली। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने आक्रामक खेल का परिचय देते हुए मैच इस तरह से खेला की दादर नगर हवेली की टीम लगातार गोल करने में असमर्थ करते रहे। छत्तीसगढ़ ने पूरे समय मैच में अपना दबदबा बनाये रखा ।टीम मैच के मध्यांतर तक 0 के मुकाबले 9 गोलो से बढ़त बनाई हुई थी, मध्यांतर के बाद खेले गए तीसरे क्वाटर में सर्वाधिक 9 गोल छत्तीसगढ़ हॉकी की टीम ने की और अपने शानदार खेल प्रदर्शन के चलते उन्होंने एक आसान सी जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से कु आँचल साहू ने 7, गीता यादव ने 3, अनिशा साहू ने 5, संपदा निर्मलकर व मोनिका तिर्की ने 2-2 गोल, सुनीता कुमारी ,मंतेस्वरी, जानवी यादव ने 1-1, गोल किए। फारवर्ड खिलाड़ी कु. अनिशा साहू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। छत्तीसगढ़ हॉकी का अगला मैच दिनांक 02 जुलाई को उत्तरप्रदेश के साथ खेला जायेगा जो क्वालीफाई मैच होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम में अमिताभ मानिकपुरी कोच,व गायत्री सारथी मैनेजर के रूप में शामिल है।

टीम की इस जीत पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी. रविशंकर, हरिंदर सिंह भाटिया, एम.वाय. कुरेशी, विनीता नवघरे, मंजुला बिश्वास,कोषाध्यक्ष आशा थामस सह- सचिव, गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी, वर्षा शर्मा, रीना बोरकर,गजेंद्र शर्मा, अंसार अहमद, नवीन मसीह, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, आशोक नागवंशी,छोटेलाल रामटेके, अनिल यादव, जिला कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी,मनीष गौतम (स्पोर्ट्स सेल),अमित माथुर श्रीमति ममता गुप्ता,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद तरूण यादव,अभिनव मिश्रा, रवि पारीख, जावेद अली,धनीराम यादव, खेमराज सिन्हा, सचिन खोब्रगडे, कृष्णा यादव सहित छत्तीसगढ़ हॉकी के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

प्रवासी पक्षी एशियन बिल स्ट्रोक का ठिकाना बना 'पचरी'

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचयत से लगा हुआ ग्राम पंचायत पचरी इन दिनों प्रवासी पक्षियों के कलरव से गुंजायमान हो रहा है. ग्राम में प्रजनन के लिए एशियन ओपन बिल स्ट्रोक ने एक बार फिर दस्तक दे दी है. पक्षियों के गांव में आना ग्रामीण इसे मानसून का दस्तक जानकर कृषि कार्य में जुट जाते हैं। यहीं नहीं इन प्रवासी पक्षियों को गांव वाले देवदूत की तरह मानते हैं, और इनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखते हैं.जून माह की शुरुआत होते ही इन पक्षियों का पचरी गांव में आना शुरू हो जाता है, और जैसे-जैसे बारिश अधिक होगी. तालाबों में पानी बढ़ेगा तो इसकी संख्या में लगातार वृद्धि होती जाएगी। पचरी गांव के पीपल, आम, बरगद, इमली के पेड़ इन पक्षियों का बसेरा हैं। फिलहाल, गांव में नजर आ रहे करीबन 2 हजार पक्षियों की संख्या आने वाले समय में बढ़कर 8 से 10 हजार तक हो जाएगी।

ग्रामीण मानते हैं पक्षियों को देवदूत : ग्रामीणों की माने तो मानसून का शुभ संकेत लेकर इन पक्षियों का आना शुरू होता है. एशियन ओपन बिल स्ट्रोक के नाम से जाने जाने वाले इन पक्षियों का यह प्रजनन काल होता है. दीपावली के बाद बच्चों के बड़े होते ही यह गांव छोड़ देते हैं. ग्रामीण बताते हैं कि इन पक्षियों के आने का क्रम पीढ़ियों से चला आ रहा है. वे बचपन से इन्हें देखते आ रहे हैं। गांव वाले इन पक्षियों को देवदूत की तरह मानते हैं।

पूरी सुरक्षा का ध्यान दिया जाता है : सरपंच

ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा ने बताया की ये पक्षी हमारे गांव के लिए देव तुल्य हैं रात के समय बाहर के लोग आ कर इन पक्षी को और इनके अंडो को नुकशान पहुंचाने की कोशिश करते हैं जिनकी सुरक्षा के लिए युवाओ की एक टीम बनाकर रात को भी इनकी सुरक्षा किया जाता हैं।

बरसात के दिनों में बाहर आते हैं नन्हें पक्षी

छत्तीसगढ़ में यह पक्षी बहुत ही कम गांवो देखा जाता हैं . ये पक्षी गांव के बबूल, पीपल, बरगद व इमली के पेड़ों में घोसला बनाकर रहे हैं. इसके साथ ही ये प्रणय क्रिया भी जारी रखते हैं. जुलाई माह आते मादा पक्षी घोसला में अण्डा दे देती है, और फिर कुछ समय बाद जब नन्हें पक्षी बाहर आते है, तो पूरा गांव कलरव से गुंजायमान होने लगता है.

कीड़े-मकोड़े खाकर फसलों की करते हैं रक्षा

पचरी गांव में प्रजनन के लिए पहुंचे प्रवासी पक्षियों एशियन ओपन बिल स्ट्रोक का खास आहार मछली, घोंघा, केकड़ा और अन्य कीट होते हैं. प्रवासीय पक्षी इन सभी जीव-जन्तुओं को भोजन के रूप में लेते हैं. यहीं नहीं गांव के खेतों के कीटों को भी ये पक्षी चुन-चुनकर खा जाते हैं, जिससे गांव के किसी भी किसान के खेतों की फसल में कोई बीमारी नहीं लगती और हर साल किसानों को फसल में अच्छा मुनाफा होता है. किसानों की माने तो इन्हीं देवदूतों के कारण आज तक गांव में ना ही बीमारी आई और ना की अकाल पड़ा.

सरकारी अस्पताल में नवजात की मौत

खरोरा/नवप्रदेश। एक ऐसा ही मामला राजधानी रायपुर से लगे दोंदेकला सामुदायिक केंद्र का है जहां पर गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लाया गया था नर्स के हाथों हालत ऐसी बिगड़ी की नवजात की मौत हो गई और महिला को मुश्किल से बचाया गया। सेमरिया गांव की रहने वाली पीड़ित महिला सुशीला साहू के परिजनों की माने तो 26 तारीख की रात को प्रसव पीड़ा होने पर 102 को कॉल किया गया मौके पर 102 पहुंची और गांव की मितानिन के साथ परिजन पीड़ित को लेकर सामुदायिक केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर के नाम पर एक नर्स उपस्थित थी जिसने प्रसव के लिए प्रयास शुरू किया पूछने पर डॉक्टर को ड्यूटी पर नहीं होना बताया और इस दौरान मामला बिगड़ने लगा इसके बाद भी नर्स ने उन्हें रायपुर रेफर नहीं किया और प्रसव लिए कोशिश करती रही आखिर में प्रसव हुआ लेकिन मामला बिगड़ चुका था नवजात पेट में ही गंदा पानी पी चुका था जिसे क्रिटिकल केयर में भर्ती किया गया और आखिरकार बचाया नहीं जा सका। इस घटना में ध्यान देने वाली बात यह है कि महिला को 12 सालों बाद मातृत्व सुख मिलने जा रहा था लेकिन व्यवस्था ने उससे उसका नौ जन्मा संतान छीन लिया, इस घटना के बाद परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया और दोषी डॉक्टर और नर्स को सजा मिलने की बात पर अड़े रहे अब देखने वाली बात होगी की सिस्टम इस लापरवाही की क्या सजा तय करती है। एक महिला जो 12 सालों बाद एक बच्चे को जन्म देती है और सरकारी व्यवस्था उसे मां बनने की सुख से वंचित कर देता है।

सड़कों पर मवेशियों का डेरा, राहगीर परेशान

- **भारी वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का बना रहता है भय**

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या दतिमा चौक, रामनगर चौक, लटोरी, करसु, खोपा, सलका, राई जंगल, नावापारा में दिखाई देती है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है। सबसे अधिक समस्या दतिमा व अम्बिकापुर मार्ग राई जंगल के पास की है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में जानवरों का भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी साप्ताहिक बाजार के दिन होती है जब ये आवारा पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं।